

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,मंगलवार 7 मार्च,2023 वर्ष–07/अंक–290 प्रष्ठ–08/मूल्य–2 रुपये

## पीएम मोदी ने दिया श्वन अर्थ, वन हेल्थ का मंत्र, कहा– उपचार को सुलभ बनाना हमारी प्राथमिकता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च पर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित किया. पीएम मोदी ने कोरोना का जिक्र करते हुए कहा कि हमने दुनिया के सामने वन अर्थ, वन हेल्थ का मंत्र रखा है. जब कोरोना पीक पर था, तब टीके, दवाई, इंजेक्शन जैसी चीजें भी हथियार बन गई थीं. उन्होंने कहा कि कोरोना ने हमें ये सिखाया है कि सप्लाई चेन बनी रहनी चाहिए.पीएम मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर लॉन्ग टर्म विजन की कमी रही है. हमने स्वास्थ्य को स्वास्थ्य मंत्रालय तक ही सीमित नहीं रखा. उन्होंने कहा कि हमने होल ऑफ द गवर्नमेंट अप्रोच पर बल दिया है. पीएम मोदी ने आयुष्मान भारत योजना की चर्चा की और कहा कि करोड़ों मरीजों के लगभग 80 हजार करोड़ रुपये जो बीमारी के उपचार में खर्च होने थे, वे खर्च होने से बचे हैं.उन्होंने कहा कि हमारा जोर आम जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने पर है. पीएम मोदी ने 7 मार्च को जन औषधि दिवस का भी जिक्र किया और कहा कि जन औषधि केंद्रों से देश की आम जनता का करीब 20 हजार करोड़ रुपया बचा है. सरकार का फोकस इस बात पर भी है कि लोगों को घर के पास ही टेस्टिंग की सुविधा मिले, घर के पास ही प्राथमिक उपचार की बेहतर सुविधा हो.

# यूपी में चार साल के भीतर 2 करोड़ युवाओं को मिलेगा रोजगार,

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार मिशन रोजगार के तहत राज्य के दो करोड़ से जयादा युवाओं को अगले तीन–चार साल में नौकरी और रोजगार मिलेगा. सीएम योगी ने श्लखनऊ कौशल महोत्सवश के समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि सरकार ने सीएम अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग शुरू की है. इससे प्रदेश के साढ़े सात लाख युवाओं को जोड़ा जाएगा. यूनिवर्सिटी और कॉलेज में पढ़ने वाले युवाओं को अप्रेंटिसशिप स्कीम के तहत आधा मानदेय सरकार और आधा मानदेय इंडस्ट्री देगी. उन्हें अनुभवात्मक कार्य और नए प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा.योगी ने कहा कि प्रदेश में मिशन रोजगार के तहत एक बड़ा अभियान चल रहा है. सारे अभियान को मिलाकर जब हम काम करेंगे तो आने वाले तीन–चार साल में प्रदेश के दो करोड़ से ज्यादा युवाओं को अलग–अलग सेक्टर में नौकरी और रोजगार से जोड़ने में सफल रहेंगे. महोत्सव में 112 कंपनियों की मौजूदगी यह साबित करती है कि हमारे पास क्षमता है. सीएम ने कहा कि पिछले 6 साल के भीतर सरकार ने पीएम कौशल विकास मिशन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और श्रम सेवा योजना के माध्यम से 16 लाख युवाओं का कौशल विकास किया है. उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने यूपी के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए टाटा टेक्नोलॉजी से समझौता किया है. इस समझौते से 35 हजार युवाओं



को ऑन–जॉब और अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग दी जाएगी. उन्होंने प्रदेश में आने वाले हर उद्योग से कहा कि वे किसी न किसी संस्था को अपने साथ जोड़े और जहां उद्योग लगे वहां के युवाओं के कौशल विकास में अपना योगदान दें. अब हमारे युवाओं को पलायन नहीं करना पड़ेगा क्योंकि उन्हें वहां रोजगार मिलेगा.

# येदियुरप्पा की छांव में भाजपा का दांव, रिटायरमेंट ले चुका यह नेता क्यों है इतना खास? जानें



नई दिल्ली।सक्रिय राजनीति से संन्यास की घोषणा कर चुके येदियुरप्पा भाजपा के लिए इतना खास क्यों है? क्यों चुनावी अभियान में भाजपा मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की जगह येदियुरप्पा को ही अपना पोस्टर ब्वॉय बना रही है?कर्नाटक में इस साल मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा यहां सत्ता में है, लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी की एंट्री से चुनावी जंग रोमांचक हो चुकी है। हालांकि, कांग्रेस भी धीरे–धीरे आगे बढ़ रही है। ऐसे में एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी 80 साल के अपने वयोवृद्ध दिग्गज नेता येदियुरप्पा की छांव में पहुंच गई है। भाजपा अपने चुनावी प्रचार अभियानों में येदियुरप्पा को ही चेहरा बना रही है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और खुद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जनसभाओं में येदियुरप्पा की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। आइए जानते हैं कि सक्रिय राजनीति से संन्यास की घोषणा कर चुका यह नेता पार्टी के लिए इतना खास क्यों है? क्यों भाजपा मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की जगह येदियुरप्पा को ही अपना पोस्टर ब्वॉय बना रही है? 80 साल के बीएस येदियुरप्पा कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के सबसे कद्दावर नेताओं में से एक हैं। राज्य में भाजपा को जमीनी स्तर पर खड़ा करने में उनका काफी योगदान है, ऐसे में भाजपा से इतर येदियुरप्पा का अपना अलग जनाधार है। भाजपा यह बात जानती है, यही कारण है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में उनको चाहकर भी नजरअंदाज नहीं कर सकती। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के राजनीतिक विश्लेषक ए नारायण कहते हैं कि भाजपा पहले येदियुरप्पा के बिना ही चुनाव लड़ने की योजना बना रही थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर लोगों का पार्टी के प्रति भरोसा कम है।

## गिरफ्तार करा लेते हैं, पार्टी तोड़ देते हैं, सरकार गिरा देते हैं पीएम मोदी पर केजरीवाल का वार

विपक्षी दल के 9 नेताओं ने केंद्रीय जांच ब्यूरो( सीबीआई) प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) के दुरुपयोग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था. पैसे लेकर दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भी प्रतिक्रिया आई है. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल न प्रधानमंत्री की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं.

उन्होंने कहा इस समय देश के प्रधानमंत्री की कार्यशैली कुछ इस तरह हो गई है कि देश के किसी भी राज्य में भारतीय जनता पार्टी ( बीजेपी) के अलावा किसी अन्य पार्टी की सरकार हो तो उसे ठीक से काम नहीं करने दिया जाता है. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह बहुत ज्यादा खतरनाक है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसी भी देश के फादर फिगर की तरह होते हैं. दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आए कहा के चुनाव में हम आपस में लड़े लेकिन चुनाव के बाद किसी की भी सरकार बन जाती है, तो उसका सहयोग करके साथ मिलकर काम करने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की होती है. उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने ठान लिया है कि अगर बीजेपी को वोट नहीं दोगे और किसी दूसरी पार्टी को वोट दोगे. तो उस सरकार को किसी भी हाल में काम नहीं करने दिया जाएगा. केजरीवाल ने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोला. केजरीवाल ने पीएम मोदी पर आरोप लगाया है कि वह उन को गिरफ्तार कर लेते हैं, तरह–तरह से प्रताड़ित करते हैं, उनकी पार्टी तोड़ देते हैं, सरकार गिरा देते हैं. उन्होंने कहा देशभर में ग्वार का नाटक में भी ऐसा देखने को मिला है.



## न्यूयॉर्क से दिल्ली फ्लाइट में यात्री पर कर दी पेशाब, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया




फ्लाइट में यात्री पर कथित तौर पर पेशाब करने का एक मामला सामने आया है. सूत्रों के मुताबिक नई घटना अमेरिकन एयरलाइंस में उस समय हुआ, जब फ्लाइट न्यूयॉर्क से दिल्ली के लिए उड़ान भर चुकी थी.

जानकारी के मुताबिक यह घटना कथित तौर पर विमान संख्य।।2 92 मैं हुई. उस फ्लाइट में न्यूयॉर्क से शुक्रवार रात 9रू16 बजे उड़ान भरी 14 घंटे 26 मिनट की उड़ान के बाद शनिवार रात 10रू12 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई है. जानकारी के मुताबिक उड़ान के दौरान ही नशे की हालत में यात्री ने एक पुरुष यात्री पर कथित तौर पर पेशाब कर दी. एयरपोर्ट के एक सूत्र ने बताया आरोपी एक अमेरिकी यूनिवर्सिटी का छात्र है वह नशे की हालत में था और जब वह सो रहा था तो उसने पेशाब कर दी. पेशाब किसी तरह लीक हो गई. इसके बाद उसने घटना की चालक दल से शिकायत कर दी.

सूत्र ने बताया कि छात्र के माफी मांगने के बाद यात्री ने केस दर्ज कराने से मना कर दिया क्योंकि इससे उसका करियर बिगड़ सकता था. हालांकि एयरलाइंस ने इसे गंभीरता से लिया और आईजीआई एयरपोर्ट पर एयर ट्रेफिक कंट्रोल को सूचना दी.

जानकारी के मुताबिक चालक दल को जैसे ही घटना की जानकारी हुई, उन्होंने पायलट को इसकी सूचना दे दी. इसके बाद एटीसी ने सीआईएसफ के जवानों को सतर्क कर दिया पार फ्लाइट के लैंड होते ही उन्होंने आरोपी यात्री को हिरासत में लेकर उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया. इसके बाद पुलिस ने घटना को लेकर आरोपी के बयान दर्ज किए.

## समरस फाउंडेशन द्वारा सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव का सम्मान

,मुंबई। महानगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा शनिवार को जौनपुर ,उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष लालबहादुर यादव का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ किशोर सिंह, उपाध्यक्ष मानिकचंद यादव, उपाध्यक्ष सतीश मिश्र, समाजसेवी भोला यादव, उद्योगपति राम उजागर यादव (सेठ), जिला पंचायत सदस्य डॉ लक्ष्मीकांत यादव, डॉ शैलेश यादव, रिंकू यादव, उद्योगपति गोविंद यादव ,श्यामजीत यादव, डॉ त्रिलोकमणि त्रिपाठी, पूरव गांधी , भोला वर्मा, दीपेश मिश्र समेत अनेक मान्यवर उपस्थित रहे। लालबहादुर यादव ने समरस फाउंडेशन द्वारा मुंबई के साथ–साथ उत्तर प्रदेश में भी किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया।



## शरणागति परिसर में होली बगीचा उत्सव 5 मार्च को



वृन्दावन ।छटीकरा रोड़ स्थित शरणागति परिसर में ठाकुर श्रीनाथ जी महाराज का होली बगीचा उत्सव 5 मार्च 2023 को मध्याह्न 11 से 1 बजे तक अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए महोत्सव के संयोजक शशिकांत भंडारी ने बताया है कि ब्रज के प्रमुख धर्माचार्य श्याम बाबा व प्रख्यात भागवताचार्य रसिया बाबा के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस होली बगीचा उत्सव में प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा होली से सम्बन्धित पदों,भजनों व रसियों का सुमधुर गायन होगा।इसके अलावा रंगों व फूलों की होली का विशेष मंचन किया जाएगा।जिसमें ब्रज के प्रमुख संत, धर्माचार्य एवं गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे।

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी 9412178154।

## राम नवमी तक तीसरे तल्ले की ढलाई



शक्ति पीठ माता श्री छोटी पटन देवी जी के दरबार में विश्व के सभी 51शक्ति पीठों की स्थापना के लिए निर्माण कार्य चल रहा है, बताते चलें कि विगत सप्ताह 6500वर्ग फूट के विशाल गर्भ गृह के छत की ढलाई का लक्ष्य पूरा किया गया, जिसमें सभी शक्ति पीठों की स्थापना होगी ।इसके ऊपर के तल्ले पर तंत्र साधना के लिए 10 महा विद्या की स्थापना होनी है ,जिसके लिए भी विशाल गर्भ गृह का निर्माणहोना है ,काम होना है ,ऊपर के तल्ले पर ईंट जोड़ाई का काम जोरों पर है ।श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम् के संस्थापक अध्यक्ष बाबा विवेक द्विवेदी ने बताया कि श्री राम नवमी तक तीसरे तल्ले के गर्भ गृह के ढलाई का लक्ष्य रखा गया है। इसकी तैयारी में युद्ध स्तर पर काम हो रहा है ।रोज दर्जन भर कार सेवक अपना श्रम दान दे रहे हैं।पटना के धर्मानुरागी और संस्थान के सदस्य गण तय समय सीमा में कार्य पूरा कर भवन को माता रानी को समर्पित करेंगे।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में हम पूर्वांचल विश्विद्यालय शिक्षक संघ के साथ हैं: अमित सिंह



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई जौनपुर की एक महत्वपूर्ण वर्चुअल मीटिंग जनपदीय अध्यक्षध्प्रांतीय संगठन मंत्री अमित सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समस्त जनपदीय पदाधिकारी एंव ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों के प्रतिभाग किया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सिंह ने बताया कि वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्विद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षक साथी विश्वविद्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ विश्विद्यालय के शिक्षक समाज का नहीं है बल्कि पूरे शिक्षक समाज का है इसलिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई ने निर्णय लिया है कि भ्रष्टाचार के इस संघर्ष में हम पूर्वांचल विश्विद्यालय शिक्षक संघ एंव उसके अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष को तैयार हैं। बैठक में सम्मिलित सभी जनपदीय एंव ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों ने समवेत स्वर में भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी इस संघर्ष में पूरी ताकत से खड़े होने की बात कही साथ ही आश्वस्त किया कि जरूरत पड़ी तो पूर्वांचल विश्विद्यालय के कैम्पस में चलकर अपने शिक्षक साथियों का हौसला अफजाई किया जाएगा। मीटिंग का संचालन जिला मंत्री सतीश पाठक ने किया इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रोहित यादव, संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी, उमेश यादव, अतुल प्रताप सिंह, जिला संगठन मंत्री अश्वनी कुमार सिंह, डॉ शैलेश सिंह, राम सिंह राव, प्रचार मंत्री डॉ अनुज सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना सिंह, सरोज सिंह, मृत्युंजय सिंह, दिवाकर चौहान, विशाल सिंह, अजय सिंह, राजीवमणि त्रिपाठी, सजल सिंह, रोहित सिंह, .....।


विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक
और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 द्वितीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


## पतझड़ का दौर, पेड़ों में गिनती के बचे पुराने पत्ते



लगभग समाप्त हो चुकी ठंड और बढ़ते हुए तापमान के बीच मौसम परिवर्तन का असर पेड़ों की जैविक प्रक्रिया पर भी पड़ा है। जनपद के ग्रामीण हो या शहरी इलाकों के बाग –बगीचों में जैसे ही हल्की हवा चलती है पेड़ों से पीले पत्तों की झर – झर कर गिरने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।आम, शीशम, पीपल,नीम, महुआ आदि के पत्तों से जमीन ढकी हुई लगती है।यह विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी का दृश्य है जहां पीपल के पेड़ में इस समय गिनती मात्र के पुराने पत्ते बचे हुए हैं।बाग बगीचों में बिखरे हुए ये सूखे पत्ते कुदरत के अटल नियम का एहसास दिलाते हैं कि प्रकृति समय के साथ परिवर्तित होती रहती है। पुराने के हटने के बाद नवीन स्थान ग्रहण कर लेता है। पेड़ों से टूटकर ये पत्ते जमीन में सड़कर फिर इन्हीं पेड़ों का सम्वर्द्धन करते रहते हैं।इस चक्रीय सिलसिले का न आदि है और न अन्त। बगीचों में सूखे पत्तों से खुश विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी के अम्बिका गौड़ कहते हैं कि इन सूखे पत्तों को बटोर लिया जाता है इकट्ठा करके इसका प्रयोग ईंधन के रूप में भट्ठी में दाना भूनने के काम में लाया जाता है।नीम के सूखे पत्तों को सुलगा कर मच्छरों को भगाने में मदद ली जाती है।बामी के ही किसान रामकृपाल यादव कहते हैं कि घरों के आस– पास गिरे इन सूखे पत्तों को गड्ढों में डालते रहना चाहिए और ऊपर से गोबर की परत बिछा देनी चाहिए। सूखे पत्तों और गोबर की परत कुछ दिनों बाद सड़कर अच्छी कम्पोस्ट खाद बन जाती है जिसका प्रयोग खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में किया जा सकता है।

## विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे मऊगंज

मध्यप्रदेश रीवा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को रीवा के मऊगंज पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्थानीय विधायक प्रदीप पटेल ने स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल में मंच पर मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन किया। मुख्यमंत्री यहां आयोजित समारोह में वर्चुअल माध्यम से सिंगल क्लिक से संबल योजना के हितग्राहियों के बैंक खाते में अनुग्रह सहायता राशि जारी करेंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश भर के 27 हजार 310 मजदूर परिवारों को अनुग्रह सहायता राशि के रूप में 605 करोड़ रुपये का वितरण करेंगे।मुख्यमंत्री अनुग्रह सहायता के रूप में तीन हजार 509 निर्माण श्रमिकों के परिवारों को 75 करोड़ रुपए तथा संबल योजना से 23 हजार 801 प्रकरणों में 530 करोड़ रुपए की राशि का वितरण करेंगे। इसके साथ–साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास भी करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना एवं मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किए गए जाने वाले हितलाभ वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मानस भवन प्रेक्षागृह में किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## प्रशिक्षण की उपादेयता बनाए रखना शिक्षको का नैतिक दायित्व है -डा०अनिल सिंह

जनपद देवरिया के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कारखाना के सभागार मे डायट प्राचार्य डा0 अनिल कुमार सिंह ने प्रथम बैच के तीन दिवसीय उपचारात्मक प्रशिक्षण के अंतिम दिवस मे कार्यशाला मे प्रतिभाग किए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए गुरूतर दायित्व का बोध कराया।

यह प्रशिक्षण राज्य हिन्दी संस्थान वाराणसी द्वारा विकसित दक्ष माड्यूल पर आधारित रहा।इसके अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय से एक हिन्दी शिक्षक प्रतिभाग करेगे।प्रथम बैच मे सलेमपुर,वैतालपुर और भलुअनी विकास खण्ड के शिक्षको ने प्रतिभाग किया।

वही द्वितीय कक्ष मे इसी प्रशिक्षण का द्वितीय बैच का शुभारंभ भी हुआ।जिसमे बरहज भागलपुर और भटनी विकास खण्ड के प्रतिभागी प्रतिभाग किए।

प्रशिक्षण प्रभारी डा0अनिल तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की मूलभूत अवधारणाओ से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रतिभागियों से इमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन की अपील की।साथ ही प्राचार्य जी सहित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किए।

प्रशिक्षण सभागार में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य डा0 अनिल कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण की उपादेयता और महत्ता बनाए रखने का नैतिक दायित्व शिक्षकों का है।यह प्रशिक्षण जिस उद्देश्य से लिया गया वह उद्देश्य पूर्ण हो इसके लिए हम सभी संकल्पित है।

इन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के क्षेत्र में आप सभी की नियुक्ति जिस उद्देश्य से की गयी है उस उद्देश्य को सफल बनाने की दिशा में आप सभी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।आगे भी और बेहतर करने का प्रयास रहेगा।सही मायने मे शिक्षक समाज का मार्गदर्शक है।वर्तमान परिणाम की दृष्टि से अभी और बेहतर करने की आवश्यकता है। इन्होने कहा कि सभी शिक्षक निर्भीक होकर इमानदारी से कार्य करे।हर परिस्थिति को अनुकूल बनाए रखने के लिए स्वयं को अद्यतन करते रहें।

इस अवसर पर डायट प्रवक्ता, डा.कौशल किशोर जी, डा. अनिल तिवारी,डा. अखिलेश राय,डा. अमित कुमार सिंह ने अपने–अपने उद्बोधन से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट प्राचार्य जी और संचालन जनपदीय संदर्भदाता डा0 पंकज शुक्ल ने की।इस अवसर पर ब्रजेश द्विवेदी,अभिषेक मिश्रा, गुन्जा गुप्ता,शरद मिश्रा,संदल मणि,ब्रजेश कुमार राय,विशाल गुप्ता,संजीव दूबे,लक्ष्मण यादव,उमेश चंद,रवि तिवारी, कौलेश्वर यादव,रीता मिश्रा, राजेश विश्वकर्मा,ममता सिंह, शहाना खातून,सुमन भारती आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारत हिंदू महासभा ने किया सुंदरकांड पाठ और होली मिलन समारोह का आयोजन

मथुरा। श्री कृष्ण वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सुंदरकांड पाठ होली मिलन समारोह अखिल भारत हिंदू महासभा पदाधिकारियों संग मनाया गया।अखिल भारत



हिंदू महासभा के प्रदेश प्रवक्ता संजय हरियाणा और श्रीकृष्ण वेलफेयर सोसाइटी के प्रदीप शर्मा ने धार्मिक आयोजन सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में भारी संख्या में मौजूद पदाधिकारी और स्थानीय निवासियों के साथ भव्य और दिव्य कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम में महिलाओं ने होली का कार्यक्रम करते हुए फूलों की होली के संग भक्तिमय वातावरण दर्शाते हुए,भगवान के भजनों के बीच सामूहिक नृत्य किया।सुंदर काण्ड, हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम, होली मिलन समारोह के विषय पर, अखिल भारत हिंदू महासभा के और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा जी ने कहा की ब्रज की होली का आनंद ही कुछ और है। प्रदेश प्रवक्ता संजय हरियाणा ने कहा कि अखिल भारत हिंदू महासभा एक मुहिम के तहत सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन समय–समय पर करती है और जहां भी ऐसे कार्य आयोजित होते हैं वहां सहभागिता करती है, निश्चित तौर पर इससे हिंदुत्व और हिंदुओं के संगठित होने में मदद मिलती है ।जिला अध्यक्ष छाया गौतम ने महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया और निश्चित तौर पर यह कहा कि यह एक सफल प्रयास है ।

## रंग भरनी एकादशी ब्रज का महत्वपूर्ण त्योहार : साध्वी राधिका साधिका पुरी



वृन्दावन।छटीकरा रोड़ स्थित कपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में ठाकुर श्रीराधिका बिहारी जू महाराज का 18 वाँ त्रिदिवसीय पाटोत्सव एवं होली महोत्सव के अंतर्गत दूसरे दिन संत–विद्वत सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ।जिसकी अध्यक्षता करते हुए संत–प्रवर स्वामी गोविंदानंद तीर्थ महाराज एवं मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी डॉ अवशेषानंद महाराजने कहा कि राष्ट्रीय पर्व होली भारतीय वैदिक संस्कृति का अत्यंत पावन व प्रेम पूर्ण त्योहार है। यह सामाजिक सौहार्द्र व समरसता का भी पर्व है।इसीलिए आज के ही दिन 17 वर्ष पूर्व ठाकुर राधिका बिहारी जू महाराज को कपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में प्रतिष्ठित किया गया था।

महामंडलेश्वर साध्वी राधिका साधिका पुरी (जटा वाली मां) एवं ब्रज अकादमी की सचिव साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने कहा कि रंगभरनी एकादशी ब्रज का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। आज के ही दिन से समूचे ब्रज में घनघोर रंगभरी होली का शुभारम्भ हो जाता है।आज के ही दिन से श्रीधामवृन्दावन के प्राचीन सप्त देवालय रंग से सराबोर होने लग जाते हैं।साथ ही प्राचीन काल के संतों द्वारा प्रारम्भ की गई परम्परानुसार ब्रजवासी एवं भक्त–श्रद्धालु श्रीधाम वृन्दावन की पंच कोसीय परिक्रमा अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ करते हैं।वरिष्ठ साहित्यकार व महोत्सव के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं भागवताचार्य विपिन बापू ने कहा कि जीवात्मा का परमात्मा के साथ महाभाव की स्थिति में अवस्थित हो कर के परमात्मा के साथ मिलन ही यथार्थ की होली है। गोपियां महाभावा स्वरूपा हैं, इसीलिए श्रीकृष्ण रूपी आनंद सिंधु में उनके साथ साक्षात रूप से गोपियां अवगाहन करती हैं।

महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद महाराज व अखंडानंद आश्रम के संत सेवानंद ब्रह्मचारी ने कहा कि होली का पर्व हमें यह सन्देश देता है कि जिस प्रकार भक्त प्रह्लाद के समक्ष होलिका का कोई महत्व नहीं रहा,उसी प्रकार पुण्य के समक्ष पाप का कोई अस्तित्व नहीं है।सत्य सदैव ही असत्य पर विजय प्राप्त करता है।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानन्द महाराज, स्वामी भुवनानंद महाराज, स्वामी आत्मानंद महाराज, ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ, डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज,आचार्य नेत्रपाल शास्त्री,आचार्य रामदत्त मिश्र, आचार्य रामकुमार दीक्षित, स्वामी सुबोधानंद महाराज, आचार्य रामदेव चतुर्वेदी, संत रासबिहारी दास महाराज, दुर्गा प्रसाद सैनी, स्वामी परमानंद महाराज,भागवताचार्य आशानन्द शास्त्री, पूर्णिमा साधिका, नमिता साधिका, राजू शर्मा, पूनम उपाध्याय, पुरुषोत्तम गौतम, डॉ. राधाकांत शर्मा, देवीसिंह कुंतल, रामदेव सिंह भगौर, पप्पू सरदार, राजकुमार शर्मा, सुरेशचंद्र सक्सैना,बलवीर सिंह, मोहन सिंह, कमल सिंह, जितेंद्र ठाकुर, भगवान दास, मनोज अग्रवाल, ईश्वरचंद्र रावत, पवन गौतम आदि की उपस्थिति विशेष रही।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया।

इससे पूर्व विश्व कल्याणार्थ चल रहे वृहद यज्ञ में तमाम संतों, विप्रों व भक्तों–श्रृद्धालुओं ने आहुतियां दीं।इसके साथ ही ष्महामंत्रष् का संगीतमय सामूहिक गायन किया गया।

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी
9412178154

## अरुण सिंह पिंटू ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डभौरा ने अपनी सादी की साल गिरह कांग्रेस परिवार



मध्यप्रदेश रीवा!निज निवास चुंनगी में मनाया जिसमे मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आदरणीय श्री राजेंद्र शर्मा जी रहे और अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री त्रियुगी नारायण शुक्ला भगत जी रहे कार्यक्रम में मंचा सीन रहे संगठन मंत्री श्री रविशंकर तिवारी जी श्रीमती अरुणा तिवारी जी समाज सेवी श्री इंद्रजीत उर्मलिया जी पूर्व सांसद देव राज सिंह जी पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष गिरीश सिंह जी श्री रमेश पटेल जी प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस नेता श्री प्रदीप सिंह जी पटना जी ब्रिजेंद्र पाण्डेय जी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ड्रा अरुणेंद्र शेखर मिश्रा जी जिला उपाध्यक्ष श्री शिव बालक पाण्डेय जी जिलाध्यक्ष कार्यकारी आईटी सेल एवं सोशल मीडिया विभाग रीवा श्री ओंकारेश्वर शुक्ला जी,श्री रामनायक सिंह जी श्रीमती पूर्णिमा तिवारी जी जिला पंचायत सद्स्य वार्ड 2 श्री रामनरेश तिवारी जिला मंत्री श्री चक्रधार सिंह जीश्री रुक्मणि प्रसाद जी सहित सभी मंडलम सेक्टर के पदाधिकारी जन संभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण जवा के सेक्टर अध्यक्ष शशिभूषण मिश्र जी बृजेंद्र नाथ द्विवेदी जी नगर पंचायत डभौरा के पार्षद गण सामाजिक कार्यकर्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद जिसमे सामिल हुआ सफल कार्यक्रम करने के लिए धन्यवाद अरुण सिंह पिंटू जी को जिन्हो ने अपने निजी जीवन के पल को कांग्रेस कार्यकर्ताओं को समर्पित कर के एक अच्छा संदेश दिया।

## शिव गोविंद महाविद्यालय के छात्रों ने 7 गोल्ड 5 सिल्वर मेडल जीता



जौनपुर । मछली शहर के स्थानीय बरईपार चौराहे पर स्थित शिव गोविंद महाविद्यालय के छात्रों ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल महाविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में हुए किक बाक्सिंग 2022–23 में उप विजेता का खिताब अपने नाम किया। शिव गोविंद महाविद्यालय के प्रबंधक संदीप यादव ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि हमें बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि हमारे विद्यालय के छात्रों ने किक बाक्सिंग प्रतियोगिता 2022–23 जो वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में खेला गया जिसमें 26 महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया लगभग एक सौ पचास खिलाड़ियों ने इसमें हिस्सा लिया था। जिसमें शिव गोविंद महाविद्यालय के 18 खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए 7 गोल्ड मेडल जिस में अब्दुल सलाम ,सिद्धार्थ यादव ,अभिषेक यादव ,रोहित ,ध्रुव कुमार गुप्ता, रोशन मौर्य और अमन अली ने गोल्ड मेडल जीते व 5 सिल्वर मेडल व तीन कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया सभी खिलाड़ियों ने अपना जलवा कायम करते हुए शिव गोविंद महाविद्यालय का नाम रोशन किया और उपविजेता बना। इस मौके पर शिव गोविंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुमताज अहमद महाविद्यालय के कोच सिद्धार्थ , मोहम्मद अनस व समस्त शिक्षकगण खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए दिया गया ढेर सारी बधाई

## योगी सरकार आखरी पन्ना लिखेगी, जो न्याय का पन्ना होगा–पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह



प्रयागराज 6 मार्च,2023 ।उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व शहर पश्चिमी विधायक मा0 सिद्धार्थ नाथ सिंह ने प्रयागराज प्रवास के दौरान निज आवास पर मीडिया के द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा मा0 मुख्यमंत्री योगी जी ने कहा था कि हम मिट्टी में मिला देंगे,यह मिट्टी में मिला देने वाली बातें मा0 मुख्यमंत्री जी ने सदन में कही थी। जो मुख्यमंत्री जी के कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। आप भाजपा का संकल्प पत्र उठाएंगे उसमें भी गुंडों और माफियाओं के प्रति भाजपा सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत रखेगी उसी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आज उत्तर प्रदेश में गुंडों और माफियाओं से मुक्त किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी के द्वारा 30 सालों से जो अपराधियों और माफियाओं का साम्राज्य खड़ा किया था।

पूर्व मंत्री मा0 सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा जिन लोगों को समाजवादी पार्टी ने संरक्षण दिया था और दे रहे थे ।उसी साम्राज्य को योगी सरकार ध्वस्त कर रही है। धीरे धीरे उत्तर प्रदेश से माफियाओं और अपराधियों के साम्राज्य को मिट्टी में मिलाकर रहेंगे ।जहां तक शूटर की बात है जो उस्मान ढेर हुआ है,एनकाउंटर हुआ है। उसी दिशा में बड़ी कार्रवाई हैं प्रयागराज पुलिस की सफलता है। यह जबाब भी है जो अभी तक विपक्ष पार्टी द्वारा प्रश्न उठा रहे थे,10 दिनों से उत्तर प्रदेश सरकार ने क्या कार्रवाई किया है ।अब दिन गिनने के नहीं बल्कि ठोस रिजल्ट का है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने जो सदन में कहा था कि हम गुंडे और अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे उसी दिशा में बड़ा कदम बढ़ चुका है और जहां तक अन्य गुंडों और माफियाओं की बात है तो उन्हें भी आखरी अंजाम तक पहुंचाएंगे। उमेश पाल के हत्या का आखिरी पन्ना अभी नहीं लिखा गया है। यह उत्तर प्रदेश सरकार यानि योगी सरकार लिखेगी आखरी पन्ना लिखेगी, जो न्याय का पन्ना होगा।

## भारत विकास परिषद त्रिवेणी शाखा का चुनाव संपन्न अरविंद शरण दरबारी अध्यक्ष, कन्हैया जी अग्रवाल सचिव तथा सुनील जायसवाल कोषाध्यक्ष बने

भारत विकास परिषद त्रिवेणी शा एनखा प्रयागराज का चुनाव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम भारत माता व विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण कर वंदे मातरम गीत भारत माता की जय के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें गत वर्ष की रिपोर्ट अध्यक्ष डॉ अरविंद शरण दरबारी ने रखी एवं नए सत्र 2023 ऋ 24 हेतु चुनाव पर्यवेक्षक आर एस सिंह उपाध्यक्ष प्रयाग प्रांत एवं प्रांतीय महासचिव श्री सुनील धवन उपस्थित रहे जिनका स्वागत अभिनंदन हुआ । तत्पश्चात पर्यवेक्षक श्री आर एस सिंह ने चुनाव कराकर अध्यक्ष श्री अरविंद शरण दरबारी सचिव श्री कन्हैया जी अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष श्री सुनील जायसवाल को सर्वसम्मति से पदाधिकारी घोषित किया । सभी का स्वागत अभिनंदन उपस्थित सदस्यों ने माल्यार्पण करके बधाई दी। आने वाले वर्ष के कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह कोई ना कोई सेवा का कार्य अवश्य किया जाएगा आशीर्वचन के रूप में श्री सुनील धवन ने सभी को बधाई देते हुए निर्देश दिया कि आने वाले वर्ष में अधिक से अधिक सम्मानजनक कार्यों से अपनी शाखा का मान प्रयाग प्रांत में बढ़ाएं । अंत में श्याम सुंदर सिंह पटेल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया व कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम में सामिल लोगों में आर एस सिंह , सुनील धवन , के एन कुमार, डॉ पीके सिन्हा , राजीव रतन भार्गव , मनोज केसरवानी, असीम मुखर्जी , के के श्रीवास्तव, अमरनाथ सेठ , एस एन मल्होत्रा , विनोद गोयल, गोपाल जी ,राकेश कुमार ,डॉ रश्मि शुक्ला आदि बड़ी संख्या में सदस्य गण सामिल रहे

## स्वास्थ्य विभाग में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया



आज दिनांक 5 मार्च 2023 को शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर 3 से प्रातः 7रू00 बजे विश्व महिला दिवस पर स्वस्थ महिला स्वस्थ भारत थीम के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया ।साइकिल रैली हिंदू हॉस्टल चौराहा –धोबी घाट चौराहा –सुभाष चौराहा– पत्थर गिरजाघर– प्रधान डाकघर होते हुए पुनः धोबी घाट चौराहा –महाराणा प्रताप चौराहा –ट्रैफिक चौराहा होती हुई मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में संपन्न हुई। इस रैली का आयोजन शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए किया गया। रैली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा अधिकारी एवं इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। स्वास्थ्य विभाग में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज ने स्वयं पूरे रूट पर साइकिल चलाई। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुबोध जैन सचिव डॉ आशुतोष गुप्ता महिला विंग की अध्यक्ष डॉक्टर चित्रा पांडे सचिव डाक्टर तरू पाण्डे एवं अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सक जिनमें डॉक्टर युगांतर पांडे, डॉ अतुल दुबे, डॉ अर्चना जैन, डॉक्टर जयवर्धन राय, डॉ अनुराधा वर्मा इत्यादि रहे ।रैली में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्येंन राय, डाक्टर तीरथ लाल, डॉक्टर आर के श्रीवास्तव, डॉ रावेन्द्र सिंह, डॉ उत्सव सिह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए। इस रैली में प्रथम स्थान पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीपा, द्वितीय स्थान पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चांदनी तथा तृतीय स्थान पर शिवानी रही ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डॉ आशु पांडे ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।सभी प्रतिष्ठित चिकित्सकों को मोमेंटो देकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज ने सम्मानित किया ।रैली के सफल आयोजन पर सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सीएमओ प्रयागराज ने धन्यवाद दिया।

## नगर निगम के सभी जोनल अधिकारी किसी को कोई परेशानी दिक्कत न हो सभी लगे हैं साथ ही लोगों से अपील कर रहे



प्रयागराज होली के पावन पर्व पर जहाँ जहाँ होलिका दहन के पहले नगर निगम के सफाई कर्मी विषेश अभियान के तहत आसपास स्वच्छता बनाये रखने के लिए उस स्थान को साफ सफाई करने मे सभी सफाई कर्मी लगे हैं नगर निगम के सभी जोनल अधिकारी किसी को कोई परेशानी दिक्कत न हो सभी लगे हैं साथ ही लोगों से अपील कर रहे हैं पर्यावरण को बचाये रखनें के लिए होलिका मे टायर ट्यूब प्लास्टिक की चिजे कुडा करकट न डाले जिससे प्रदूषण से बचा जा सके वही नगर निगम के स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसेडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी जगह जगह पर हो रहे समारोह गोष्ठियों में पहुचने पर लोगों को जागरूक करते हुये कह रहे है भाई चारा सौहार्द का प्रतीक है होली ईसे श्रद्धा पूर्वक मनाये स्वच्छता के साथ–साथ अपने स्वास्थ्य को किसी प्रकार की बिमारी से बचने के लिये प्रदूषण से बचने के लिए सिर्फ गोबर के बने उपरी कन्डे का ही होली जलाये अपने शहर के पर्यावरण को बचाये

## आज शनिवार 4 मार्च को लायंस क्लब इलाहाबाद एंजिल्स की अध्यक्षा लायन ममता बंसल की अगुवाई में लायन रचना मिश्रा के सहयोग से क्लब सदस्याओं द्वारा ओम गायत्री नगर स्थित चार आंगनवाड़ी केंद्रों पर होली के अवसर पर बच्चों के साथ खुशियां साझा की गई

आज शनिवार 4 मार्च को लायंस क्लब इलाहाबाद एंजिल्स की अध्यक्षा लायन ममता बंसल की अगुवाई में लायन रचना मिश्रा के सहयोग से क्लब सदस्याओं द्वारा ओम गायत्री नगर स्थित चार आंगनवाड़ी केंद्रों पर होली के अवसर पर बच्चों के साथ खुशियां साझा की गई। चारों आंगनवाड़ी केंद्रों पर मौजूद बच्चों को नाश्ते के पैकेट,मिठाई अन्य खाद्य सामग्री, पिचकारी, गुब्बारे, मास्क, गुलाल इत्यादि बांटकर निम्न वर्ग के बच्चों के साथ खुशियां साझा की गई ।आज के इस अवसर पर लायन वंदना तिवारी, उषा गुप्ता, मिताली दत्ता, तथा शिवाली पीटर उपस्थित रहे।

## शबे बरात पर मंगलवार को पुरखों की कबरों पर होगा चरागां

माहे शाबान की चौदह को शबे बरात का पर्व मनाया जाता है ऐसे में पुरखों की कच्बरों पर इन दिनों मिट्टी चढ़ाने को लोग कघब्रिस्तानों में कघ्र खोदने वालों की मिन्नतें कर मिट्टी चढ़वा रहे हैं ।मंगलवार को दरियाबाद ,चकिया ,काला डाढ़ां ,अकेलवा आम ,तकिया कघब्रिस्तान के साथ शहर भर को दर्जनो कघब्रिस्तानों और दरगाहों पर रात भर लोग अपने पुरखों वालिदैन और बुजुर्गदानो की कघ्र को मोमबत्ती और रंगीन झालरों के साथ सुगन्धित अगरबत्ती जला कर उनकी मगफिरत की दुआ करेंगे ।रात भर तिलावत ए कलाम ए पाक होगी ।शाम ढलने के साथ घरों में हलवे और खानों पर पुरखों की नज्र वह फातिहा के बाद लोग कघब्रिस्तानों का रुख करेंगे जो रात भर चलता रहेगा ।वहीं दरियाबाद में मंगलवार को सैय्यद हैदर शीलू की ओर से इमामबाड़ा हुसैन अली खान में शबे विलादत इमाम मेहदी आखिरुज्जमा पर जश्ने इन्तेजार की महफिल रात ६ बजे से होगी जिसमें इमाम ए जुमा सैय्यद हसन रजा जैदी की सदारत और अनीस जायसी के संचालन में शहर के मानिंद शोअरा अपने अशआरों से महफिल को गुलजार बनाएंगे ।वहीं नूर उल्ला रोड स्थित मदरसा जामिया इमामिया अनवारुल उलूम में रात्रि ८ बजे से मौलाना जवादुल हैदर रिजवी की सदारत में महफिल होगी ।उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,शिया सुन्नी इत्तेहाद कमेटी के एडवोकेट किताब अली ,हसनी हुसैनी फाउंडेशन के अध्यक्ष वजीर खां सहित सभी मातमी अन्जुमनो व तन्जीमों के पदाधिकारियों ने नगर निगम ,जल संस्थान व बिजली विभाग से शबे बरात पर चौबिस घंटे निर्बाध रुप से बिजली ,जल आपूर्ति और कघब्रिस्तानों इबादतगाहों व खानकाहों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और कघब्रिस्तानों के पास व जायरीनों के गुजरने वाले मार्गों पर साफ सफाई व चुना छिड़काव करने की मांग की है।

## समाज की मुख्य धारा मे लाने के लिए मंदबुद्धि बच्च्चों को चाहिए प्यार और अपनापन– श्री राजकुमार चोपडा राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसेवक मंडल



आज दिनांक ६मार्च को अनाम स्नेह परिवार के सदस्यों ने अनाम स्नेह के संयोजक बरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव के नेतृत्व मे मंद बुद्धि ममता विद्यालय कौड़ीहार मे लोक सेवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजकुमार चोपडा एवं श्रीमती सुभाष राठी बरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायलय इलाहाबाद के साथ शहर के बरिष्ठ समाजसेवीयों के साथ रंग बिरंगी होली मंद बुद्धि बच्चो एवं ममता विद्यालय के स्टॉफ के साथ होली खेल कर मनाया अनाम स्नेह परिवार के सदस्यों द्वारा इस प्रकार के होली मनाने पर लोक सेवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजकुमार चोपड़ा ने पैरेंट्स से कहा कि मंद बुद्धि बच्चो को प्यार एवं अपनापन चाहिए होता है समाज की मुख्य धारा मे लाने के लिए अनाम स्नेह संस्था ने बच्चों को मिठाई, गुझिया, चिप्स, पापड़, नमकीन, फल खिला कर हर्षोल्लास के साथ होली खेली, मंद बुद्धि बच्चों का चेहरा उस समय खिल गया जब वे लोअर और टी शर्ट एवं होली खेलने के लिए पिचकारी पाये मंद बुद्धि बच्चों के संग शहरी भी होली के रंग मे बूफर बाजे पर डांस किये और मस्त ढंग से होली खेली अनाम स्नेह के बरिष्ठ सदस्यों ने ममता विद्यालय मे तीन आम के वृक्ष लगाकर सब को होली की शुभकामनायें दिया होली मिलन समारोह मे कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र, श्रीमती कांता चोपडा, श्रीमती किरण, श्रीमती प्रेमलता शुक्ला, श्री धर्म देव भारतीय प्रभारी ममता विद्यालय, श्री दिनेश शर्मा सहायक अध्यापक ममता विद्यालय, श्री अफजल महमूद प्रयोग शाला सहायक, सहित स्टाफ,श्री शंकर लाल कुशवाहा , श्रीमती मधू, अनुराधा, बरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम मास्टर, श्री लवलेश सिंह, श्री आश्वनी कुमार, श्री कपिल त्रिपाठी, श्री सुनील कुमार, श्री ओम प्रभात, श्री रिंकू यादव, श्री गुड्डू पंडित, श्री चंदन निषाद, श्रीमती प्रिया रावत, पदमा, श्री दिनेश, श्री भैरो, श्री मिठाई लाल, फरीदा परवीन,सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद।




आज दिनांक 06रू03 2023 को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद श्री संतोष राय के आदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अंतर्गत सभागार, जनपद न्यायालय, इलाहाबाद में महिला दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद श्री संतोष राय के अध्यक्षता में किया गया स अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन मां सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया स कार्यक्रम में डॉ ईशान्या राज नैदानिक मनोचिकित्सक द्वारा महिलाओं के मनोविज्ञान से संबंधित बातों को बताते हुए उनके उत्थान के बारे में समझाया गया स श्रीमती रश्मि सिंह अपर परिवार न्यायाधीश द्वारा महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया गया स डॉ लकी स्पेशल सीजीएम, द्वारा समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए महिलाओं को जागरूक करते हुए उनके बचाव व सुरक्षा के उपाय बताएं स श्रीमती मनाली चंद्रा अपर सिविल जज द्वारा महिलाओं के प्रति समाज में फैली हुई बुराइयों से अवगत कराते हुए उनके बचाव के बारे में बताया गया। सुश्री संसृति सिंह द्वारा महिला जागरूकता के बारे में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन श्री कृष्ण कुमार एडीजे द्वारा किया गया स कार्यक्रम के अंत में निशा झा नोडल अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार इलाहाबाद द्वारा सभागार में उपस्थित समस्त लोगों को धन्यवाद देते हुए महिलाओं के प्रगतिशील होने का आह्वान करते हुए महिला सशक्तिकरण बारे में बताया गया स माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संतोष राय द्वारा सभागार में उपस्थित समस्त महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए पौधे देकर उन्हें सम्मानित किया तथा अपने क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली महिलाओं डॉक्टर ईशान्या राज, श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव, सुश्री अर्पिता चक्रवर्ती, सुश्री संसृति सिंह, सुश्री रितु कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया स कार्यक्रम में जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी गण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बमबाजी कर हत्या के प्रयास व दहशत फैलाने की घटना में वांछित 01 बाल अपचारी थाना जार्जटाउन पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

थाना जार्जटाउन पुलिस टीम द्वारा थाना जार्जटाउन में पंजीकृत मु0अ0सं0– 59ध् 2023 धारा 147ध्148ध्149ध्307ध्286ध्504ध्506ध्427 प्च्ब व 7ब्स्। में नामजद वांछित 01 बाल अपचारी को थाना जार्जटाउन क्षेत्रान्तर्गत सी0एम0पी0 हास्टल के पीछे से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। कब्जे से 05 देशी नाजायज बम, 01 पिस्टल की मैगजीन 0.32 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 0.32 बोर तथा 09 पटाखे के पैकेट (प्रति पैकेट 5 पटाखे, कुल 45 पीस पटाखे) बारूद वाले बरामद किया गया। बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जार्जटाउन में मु0अ0सं0– 68ध् 2023 धारा 9ध्25 आयुध अधिनिमय व 4ध्5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।घटना का संक्षिप्त विवरणः–दिनांक 23.02. 2023 को थाना जार्जटाउन क्षेत्रान्तर्गत एलडोराडो रेस्टोरेन्ट पर सनसनीखेज तरीके से हुई बमबाजी की घटना के सम्बन्ध में थाना जार्जटाउन में मु0अ0सं0– 59ध् 2023 धारा 147ध्148ध्149ध्307ध्286ध्504ध्506ध्427 भा0द0सं0 व 7 ब्स्। पंजीकृत किया गया था। बाल अपचारी का आपराधिक इतिहासः –1. मु0अ0सं0– 59ध्2023 धारा 342,504,308 भा0द0सं0 थाना जार्जटाउन, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. मु0अ0सं0– 68ध् 2023 धारा 9ध्25 आयुध अधिनिमय व 4ध्5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम थाना जार्जटाउन, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज । 3. मु0अ0सं0– 150ध् 2022 धारा 147,148,149, 286,307,504,506 भा0द0सं0 थाना दारागंज, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज । 4. मु0अ0सं0– 261ध्2022 धारा 286,307 भा0द0सं0 थाना सिविल लाइन, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज । 5. मु0अ0सं0– 163ध्2022 धारा 3ध्25 थाना कोतवाली, जनपद मिर्जापुर । 6. मु0अ0सं0– 14ध्2023 धारा 323,504,506 भा0द0सं0 थाना जार्जटाउन, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज । 7. मु0अ0सं0– 52ध्2023 धारा 323,504,506 भा0द0सं0 थाना जार्जटाउन, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज । गिरफ्तारीध् बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः–1. थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, जार्जटाउन, कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. उ0नि0 अमित कुमार चौरसिया चौकी प्रभारी टैगोर टाउन, थाना जार्जटाउन, कमिश्नरेट प्रयागराज । 3. उ0नि0 अमित कुमार चौकी प्रभारी जार्जटाउन, थाना जार्जटाउन, कमिश्नरेट प्रयागराज ।4. का0 विष्णु कुमार, थाना जार्जटाउन, कमिश्नरेट प्रयागराज ।5. का0 सत्येन्द्र कुमार, थाना जार्जटाउन, कमिश्नरेट प्रयागराज ।6. का0 शैलेश कुमार, थाना जार्जटाउन, कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## भाजपा का निर्माण राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए हुआ



6 फरवरी प्रयागराज, भाजपा प्रयागराज महानगर की आवश्यक बैठक सिविल लाइन कार्यालय में करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जन्म राष्ट्र के लिए त्याग तपस्या बलिदान केबल पर हुआ जिसके लिए हमारे पूर्वजों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया है और उन्हीं महापुरुषों के आदर्श को अपनाकर उनके सपनों और उनके विचारों का भारत बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और करोड़ों कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी की छवि समाज और जनता के अंदर राष्ट्र एवं समाज सेवा के रूप में बनी हुई है और इस छवि को हमें बनाए रखना होगा अगर कोई भी कार्यकर्ता अपनी महत्वाकांक्षा को पूर्ति करने के लिए भाजपा की छवि को खराब करता है तो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अनुशासन हीन और संगठन के कार्यों में बाधा पहुंचाने वाले लोगों को पर संगठनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी

इस अवसर पर उन्होंने समस्त नगरवासियों को होली की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि बैठक में बूथ पर होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई बैठक में मुख्य रूप से कुंज बिहारी मिश्रा ,देवेश सिंह, रमेश पासी, वरुण केसरवानी,राजेश केसरवानी,विवेक अग्रवाल ,राजू पाठक ,गिरजेश मिश्रा, प्रमोद मोदी, राघवेंद्र सिंह, राजन शुक्ला ,सुभाष वैश्य, यश विक्रम त्रिपाठी, एवं महानगर के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे

## सम्पादकीय

# प्रकृति का अनिवार्य नियम है भूकंप, लेकिन मानव जनित है जन-हानि

भूकंप प्राकृतिक है, लेकिन भूकंप से होने वाली मौतें मानव द्वारा प्रबंधित हैं। लोग भूकंप से नहीं मरते, अपनी आवास टेक्नोलॉजी के कारण मरते हैं। संयोग से अब कई देशों ने बेहतर निर्माण टेक्नोलॉजी अपनाकर अपने नागरिकों के लिए सुरक्षित आवास–व्यवस्था प्रदान की है।लगभग एक महीने पहले तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में करीब 52,000 लोग मारे गए। सिर्फ तुर्की में ही भूकंप ने करीब 45,000 लोगों की जान ली है। भूकंप की न तो यह पहली घटना थी, न ही आखिरी होगी। जीवित ग्रह पर सदैव भूकंप आते रहे हैं। भौगोलिक दृष्टि से भूकंप का महत्व यह है कि इससे पृथ्वी तनाव–मुक्त होती है। लेकिन कई बार इससे जान–माल की भीषण हानि होती है, जैसे कि तुर्की और सीरिया में हुई है। बड़ा भूकंप विनाश का ऐसा दृश्य छोड़ जाता है, जिसकी भयावहता वर्षों तक स्मृतियों से नहीं मिटती।पृथ्वी की चट्टानों के माध्यम से भूकंपीय तरंगों के पारित होने के कारण जमीन का अचानक हिलना ही भूकंप है। भूकंपीय तरंगें तब पैदा होती हैं, जब पृथ्वी के भीतरी केंद्र में संग्रहित ऊर्जा को अचानक छोड़ दिया जाता है। हमारी पृथ्वी दिन–प्रतिदिन भूकंपों से तरंगित रहती है और स्वयं को उसके अंदर बनते तनावों से मुक्त करती रहती है, जो कि एक जीवित ग्रह की स्वाभाविक प्रकृति है। रिक्टर स्केल पर 1.0 से 2.9 तीव्रता के लगभग 1,00,000 छोटे भूकंप प्रतिवर्ष आते हैं, जिन्हें स्थानीय उपकरणों से मापा तो जा सकता है, पर उन्हें अनुभव नहीं किया जा सकता। रिक्टर पैमाने पर 3.0 से 3.9 तीव्रता के 12,000 से 10,0,000 भूकंप प्रतिवर्ष आते हैं, जिन्हें कुछ लोगों द्वारा अनुभव किया जा सकता है, लेकिन उनसे कोई हानि नहीं होती। 4.0 से 4.9 की तीव्रता के भूकंपों की सालाना संख्या 2,000 से 12,000 होती है, जिन्हें अनुभव किया जाता है, और जिनसे थोड़ा–बहुत नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।रिक्टर स्केल पर 5.0 से 5.9 भूकंपों की वार्षिक संख्या 200 से 2,000 है, जिनसे कुछ नुकसान हो सकता है। रिक्टर स्केल पर 6.0 से 6.9 तीव्रता के भूकंप को बड़ा भूकंप माना जाता है और एक वर्ष में ऐसे 20 से 200 भूकंपों से धरती दहलती है और भारी हानि का सामना करना पड़ता है। तीन से पांच भूकंप 7.0 से 7.9 तीव्रता के हर वर्ष पृथ्वी पर झेलने होते हैं, जो जान–माल की बहुत हानि कर जाते हैं। और रिक्टर स्केल पर आठ से अधिक का भूकंप, जिसकी संख्या प्रतिवर्ष तीन से कम रहती है, सब कुछ ध्वस्त कर देता है।वैसे तो भूकंप पृथ्वी पर कहीं भी आ सकते हैं, लेकिन मुख्य रूप से ये फॉल्ट लाइन्स (पृथ्वी के गर्भ की चट्टानों में प्लानर या घुमावदार फ्रैक्चर) के साथ होते हैं, जहां संपीडन या तन्य बल चट्टानों को फ्रैक्चर के विपरीत दिशा में ले जाते हैं। ऐसे फॉल्ट्स कुछ सेंटीमीटर से लेकर कई सौ किलोमीटर तक फैले होते हैं। इसके अलावा, दुनिया के अधिकांश भूकंप शरिंग ऑफ फायरश के भीतर आते हैं, जो कि भूकंप के अधिकेंद्रों, ज्वालामुखियों, और टेक्टॉनिक प्लेट सीमाओं की घोड़े के नाल के आकार की लंबी बेल्ट है, जो प्रशांत बेसिन को घेरती है।

दुनिया के सबसे महत्त्वपूर्ण भूकंप बेल्ट सर्कम–पैसिफिक बेल्ट है, जो प्रशांत महासागर के आसपास के कई आबादी वाले तटीय क्षेत्रों को प्रभावित करती है, जैसे, न्यूजीलैंड, न्यू गिनी, जापान, अलेउतियन द्वीप समूह, अलास्का तथा उत्तर अमेरिका के उत्तरी व दक्षिणी तट। अनुमानतरू वर्तमान में भूकंपों में जारी ऊर्जा का 80 प्रतिशत पृथ्वी के उन क्षेत्रों से मुक्त होता है, जिनके अधिकेंद्र (एपीसेंटर) इस बेल्ट में हैं। एक दूसरी भूकंप–सक्रिय बेल्ट–जिसे एल्पाइड बेल्ट के रूप में जाना जाता है–एशिया के माध्यम से भूमध्यसागरीय क्षेत्र से पूर्व की ओर गुजरती हुई वेस्ट इंडीज में सर्कम–पैसिफिक बेल्ट से मिल जाती है। इस बेल्ट से भूकंपों में जारी ऊर्जा दुनिया की कुल ऊर्जा का लगभग 15 प्रतिशत है। आर्कटिक महासागर, अटलांटिक महासागर, पश्चिमी हिंद महासागर तथा पूर्वी अफ्रीका की दरार घाटियों के साथ भूकंप गतिविधि से जुड़े बेल्ट भी हैं। भूकंप ज्वालामुखी के फटने से, जलाशय–प्रेरण से और मानव गतिविधियों से धरती के गर्भ से अत्यधिक मात्रा में जीवाश्म पदार्थों के दोहन से भी आ सकते हैं।

भूकंप के माध्यम से भूमि इतनी प्रचंड मात्रा में ऊर्जा से अवमुक्त न हो, तो हमारे ग्रह का क्या हाल होगा! पृथ्वी के गर्भ में उसकी धारण–क्षमता से अधिक ऊर्जा एकत्र होती रहे और उसको भूकंपों के माध्यम से उत्सर्जित करने का रास्ता न मिले, तो कालांतर में किसी एक भूकंप से ही भूखंड दूर–दूर तक छिटक सकते हैं। इसलिए पृथ्वी का ऊर्जा बजट संतुलित रखने, उसे निरंतर उत्पन्न आंतरिक तनावों से मुक्त रखने, अक्षुण्ण और जीवन–दायिनी बनाए रखने के लिए भूकंप जरूरी हैं।भूकंप प्रकृति का नियम है। एक प्राकृतिक त्रासदी मानकर अब तक हुई लाखों लोगों की मौत का दोष भूकंप पर मढ़कर कुछ समय बाद भुला दिया जाता है, अगली भूकंपीय घटना में और लोगों की बलि देने के लिए। भूकंप प्राकृतिक है, लेकिन भूकंप से होने वाली मौतें मानव द्वारा प्रबंधित हैं। लोग भूकंप से नहीं मरते, अपनी आवास टेक्नोलॉजी से मरते हैं। वे अपने घरों की अपनी छतों से दबकर मरते हैं। भूकंप के समय अगर सबसे अधिक खतरा कहीं है, तो वह अपने घर में है। भूकंप के समय मैदान में होने पर उसका अनुभव भी नहीं होगा। वे तो हमारे पारंपरिक निर्माण–तकनीक से बने घर हैं जो एक अवश्यंभावी ग्रह–अनुकूल प्राकृतिक प्रक्रिया को एक आपदा में बदल देते हैं। संयोग से अब बेहतर निर्माण टेक्नोलॉजी का आविष्कार हो चुका है और कई देशों ने इसे अपनाकर अपने नागरिकों के लिए सुरक्षित आवास–व्यवस्था प्रदान की है।

# हमें भी पिचकारी दिला दो अंकल

बद्री प्रसाद वर्मा अनजान

रोहित एक गरीब मां बाप का गरीब बेटा था ।उसके पापा दिहाड़ी मजदूरी कर के परिवार का पेट भरते थे।

रोहित की मां लोगों के घर में वर्तन मांजने का काम करती थी।

रोहित की एक छोटी बहन थी पूजा जो पढ़ने में बहुत तेज थी। रोहित और पूजा एक ही स्कूल में पढ़ते थे।

होली आने में दो दिन रह गया था। गरीबी के कारण रोहित न होली मना पाता था न दिवाली मना पाता था।

इस साल रोहित ने सोच लिया चाहे कुछ भी हो जाए इस साल होली जरुर मनाऊंगा। ऐसा सोच कर रोहित बाजार चल पड़ा जहां पर रंग अबीर गुलाल पिचकारी सब बिक रहा था, और बच्चे बड़े अपने लिए अपने बच्चों के लिए रंग अबीर गुलाल पिचकारी खरीद रहे थे। रोहित एक दूकान के बाहर खड़ा हो कर आने वाले लोगों से कह रहा था हमें भी पिचकारी दिलवा दो अंकल मैं बहुत गरीब हूं मेरे पास पिचकारी रंग अबीर गुलाल खरीदने भर के पैसे नहीं हैं।

लोग आते और रोहित की बात को अनसुना कर के चले जाते। रोहित को दूकान के सामने खड़ा रहते सुबह से शाम हो गई मगर किसी ने रोहित को पिचकारी रंग अबीर गुलाल नहीं दिलवाया। यह देख कर रोहित के आंखों में आंसू आ गए। रोहित को रोते देख कर एक व्यक्ति उसके पास आ कर पूछ पड़ा बेटे तुम रो क्यों रहे हो, हमें बताओ शायद मैं तुम्हारी कुछ मदत कर सकूं। उस आदमी को देख कर रोहित ने सोचा इस आदमी को जरुर परमेश्वर ने हमारे पास भेजा है यह हमें जरुर पिचकारी रंग अबीर गुलाल दिलवा देगा। ऐसा मन में सोच कर रोहित बोला मैं बहुत गरीब हूं मेरे पास इतना रुपया नहीं है कि मैं पिचकारी रंग अबीर गुलाल खरीद सकूं, सुबह से शाम तक इस दुकान पर जो भी आया सबसे पिचकारी रंग अबीर गुलाल दिलवाने की बात कही मगर किसी को हमारी गरीबी पर दया नहीं आई। कल होली पर मैं भी होली खेलना चाहता हूं मगर हमारे पास रंग अबीर गुलाल पिचकारी कुछ भी नहीं है क्या आप हमें रंग अबीर गुलाल पिचकारी दिलवा सकते हैं? ष

बस इतनी सी बात के लिए तुम रो रहे हो चलो मैं तुमको रंग अबीर गुलाल पिचकारी सब दिलवाता हूं मैं तुम्हारी गरीबी को समझता हूं। इतना कह कर उस व्यक्ति ने रोहित को दुकान के अंदर ले गया और सबसे मंहगी पिचकारी रंग अबीर गुलाल दिलवा कर बोला बेटा तुम कल अपने दोस्तों के साथ खूब जी भर होली मनाना। उस व्यक्ति ने पूछा तेरा नाम क्या है बेटा?ष मेरा नाम रोहित सोनी है

ठीक है बेटा यह लो हमारा पते का कार्ड जब भी तुमको किसी चीज की जरुरत पड़े तो हमें फोन कर देना मैं तुमको सब कुछ दिलवा दूंगा मगर आज के बाद किसी के आगे हाथ मत फैलाना। मैं चलता हूं। इतना कह कर वह व्यक्ति दुकान से बाहर आया और पल भर में ही आंखों से ओझल हो गया।

रोहित रंग अबीर गुलाल पिचकारी ले कर जब घर पहुंचा तो देखा मां होली का पकवान बनाने की तैयारी में कर रही थी।

रोहित पूछ पड़ा मां इतना सारा सामान किसने दिलवाया? ष एक फरिश्ता हमारे घर आया था उसने ही सारी चीजे दिलवा कर चला गया।

रोहित के हाथ में रंग अबीर गुलाल पिचकारी देख कर उसकी मां पूछ पड़ी बेटा तुमको किसने रंग अबीर गुलाल पिचकारी दिलवाई? ष

मां मुझे भी उसी फरिश्ते ने दिलवाई है। उसने अपना पते का कार्ड भी हमें दे कर कहा है जब भी किसी चीज की जरुरत पड़े हमें फोन कर देना हम सारी चीजे तुमको दिलवा देगें।

रोहित की बात सुनकर उसकी मां हंस पड़ी और उस अनजान व्यक्ति को लाख लाख दुआ देने लगी।

अगले दिन रोहित अपनी पिचकारी रंग अबीर गुलाल ले कर अपने मोहल्ले के दोस्तों के पास पहुंच कर होली खेलने लगा और सबको रंग और अबीर गुलाल लगाने लगा। जीवन में पहली बार रोहित ऐसी होली मना रहा था। आज रोहित बहुत खुश नजर आ रहा था।

बद्री प्रसाद वर्मा अनजान
अध्यक्ष स्वर्गीय मीनु रेडियो श्रोता क्लब
गल्ला मंडी गोला बाजार 273408गोरखपुर उ प्र
मोबाइल न. ९८३८९११८३६

कहानी मौलिक अ प्रकाशित अ प्रसारित है इसे आप प्रकाशित करने की कृपा करें।

बहुत ही दर्द भर कहानी है यह।

# मौज मस्ती में उलझी युवा पीढ़ी



आज का अधिकांश युवा वर्ग मौज मस्ती में न जाने कितना समय खराब कर रहा है बहुत बहुत ही विचारणीय है ये चिन्ता का विषय है देश के आनेवाले कल का सवाल है दिशा निर्देश की नितांत आवश्यकता है सही राह सही बात समझाने की आवश्यकता है जो आज कहीं नहीं दिलाई देती हैं न माता पिता में न कोई ऐसी संस्था संगठन मे सभी व्यस्त हैं और मस्त है किसी को किसी से कोई लेना देना नहीं हर कोई अपनी जिन्दगी में कोई समय नहीं दे पा रहा हूँ सभी को केवल अपना सुख नजर आ रहा है आदि तमाम बात कर रहा हूँ जो एकदम सत्य है जनता हुँ सत्य सभी को कड़वा लगता हैं पर करना है मुझे करता रहूँगा मुझे किसी की चिंता नहीं किसी का डर नहीं किसी का गुलाम नहीं वो ही सही बात कर सकता हैं आज की बड़ती बेरोजगारी मे भटकती युवा पीढ़ी के विषय में सोचना बहुत बहुत जरूरी हो गया है जो देश का आनेवला कल है, भविष्य है देश का सपना इन्हीं पर टिका है बहुत ही दुःख होता है जब कभी युवा वर्ग को बेवजह
समय को खराब करते देख व्यर्थ धुमते
धन्टो मौज मस्ती में समय खराब करते देख आज बहुत ही जरूरी हो गया है इस दिशा में सोच जाय जिसका दायित्व हम सब का है जो बड़े बने बैठे हैं ऐसा बड़ा होना भी कोई मायना नहीं रखता है कि हम केवल अपने सुख चौन और आनन्द के बारे में ही सोचे उलझे रहे यह काम हम सब का है केवल हर बात पर हम अपनी देश की सरकार को कोसते रहते है जो गलत है हम सभी को मिल कर सोचना होगा देश के भविष्य पर आनेवाले कल पर युवा वर्ग के महत्व और औचित्य पर तभी हाँ तभी कुछ सार्थक प्रयास होंगें सार्थक कार्य होंगें सार्थक परिणाम मिलेंगे जो देश हित में, समाज हित में और अपने ही परिवार के हित में होगा

डॉ राम शंकर चंचल
झाबुआ मध्य प्रदेश।

# होली है भई होली है



माघ मास शीत की शीतल लहरों से निकलकर मौसम का मिजाज अब रंगीन हो चला है। मौसम ने अजब रंग बदला कि फागुनी चुनरिया के रंग की रंगीनियों में घुली हवा मादक अंगड़ाइयाँ लेने लगी हैं। रंगीली होली में किसी गोरी के प्रेम में मद मस्त दीवाने मजनूँ सी मधुर मधुर शीतल मंद सुगंधित हवाओं की मद्धिम रफ्तार में नवयौवना शर्बती सजनिया का प्रेमी दिल हिचकोले खा रहा है। मौहल्ले के चौक पर रखे स्टीरियो से गूँजते गीत के बोल——

ष्मेरे पिया गए रंगून, किया है वहाँ से टेलीफून! तुम्हारी याद सताती है, जिया में आग लगाती है।

इन गीतों के बोल में खोया दिल बड़ी शिद्दत से उनको पिया जी की याद दिला रहा है। रंगीली होली का मनभावन त्योहार है। बेचारी मजबूर हैं। गुंजिया,मठरी,ढोकला, गुलाब जामुन, नमकीन,दही चाट पापड़ी से घर में पकवान की खुश्बू तैर रही है। किंतु उनका मन तो साजन की प्रतीक्षा कर रहा है। वे बाहर छज्जे पर खड़ी होली के हुरियारों का हुड़दंग देखने में तल्लीन हैं। अब होली के हुड़दंग की मस्ती सबके दिलों पर छा रही है तो एक राज की बात आप भी सुन लीजिए कि .. इन्हीं मदनोत्सव लुब्ध हवाओं की संगत में रहकर हमारे मौहल्ले की हवा ने सनसनी मचा दी है। गुप्ता दम्पत्ति में मियां बीवी के बीच सवा मन वाली गर्माहट की आग लगा दी है।ऐसे मदभरे त्योहार में जीजा साली,देवर भौजाई, सलहज ननदोई वाले रिश्तों में डूबता मन भाभी,साली के गोरे गोरे गालों पर गुलाबी रंग लगाने की चाहत में गुलाब गेंदा सा खिल रहा है। इधर गुप्ता जी का दिल हजार वाट के बल्ब जैसा जल बुझकर सुनहरे सपनों में खोया, कोमल मखमली बदन पर रंगों की पिचकारी छोड़ कर अँगडाई ले रहा है।

उधर, गुप्ता जी को मौसमे इंतजारी के ख्वाब रंगीन बनाते देखकर उनकी सजनी का दिल ईर्ष्या की आग में झुलसने लगा है। उधर से धीमे–धीमे जलने की बू आ रही है। वो भी मन ही मन में गुप्ताजी को धता बताने के लिए नये मंसूबे बनाने में कामयाबी हासिल करने को बेताब हैं।

गुप्ता जी के मन की तितलियों को उड़ने से पहले ही अपने मोहपाश का रूप जाल डालकर पकड़ने की तैयारी किये बैठी हैं। प्रीतम पड़ोसन के साथ गुलछर्रे उड़ाते रहें और मैं मूक दर्शक बनी देखती रहूँ। ऊँ..हू..ऊँ..हूँ..

मेरे जीते जी तो ऐसा कभी संभव नहीं हो सकता.. सोच, सोचकर टेसू पलाश की सतरंगी रंगीन खुशियों की महकती खुश्बु से उनकी सजनी का दिल चूल्हे में कंडे का अंगारा बना जला जा रहा है।

रंग बरसे भीगे चुनर वाली
रंग बरसे!
बेला चमेली का सेज बिछाया,
सोये गोरी का यार बलम तरसे
रंग बरसे!ष

मियाँ पिक्कन को इस गीत के साथ थिरकते देख कर आखिर उन्होंने पूछ ही लिया..

ष्अमां यार पिक्कन!

ये मटक मटक कर नाच रहें हो या भाभी को रिझाने के लिए नौटंकी कर रहे हो?ष

सुनते ही मियाँ पिक्कन का मुँह दो फुटा खुला और खुलकर रह गया। कान के पास मुँह लाकर फुसफुसाते हुए बोले कि——

ष्अमाँ यार,धीरे बोलो।ष

ष्भाभी से पिटवाने का इरादा है क्या?

ष्होली के रंग बिरंगे दिन ये कैसी मनहूस बात कर रहे हो यार?

ष्तुम्हारी भाभी गई तेल लेने।ष

ष्गजभर लंबी जुबान है उसकी। एक बार कुछ कहने बाहर निकली तो आसानी से अन्दर नहीं जायेगी।ष

भाँग की पिनक में मुँह टेढ़ा कर मुस्कुराते हुए आगे बोले——

जरा देखो,वो सामने गोरे रंग गुलाबी गालों वाली ,सामने खड़ी शर्बती भाभी कितनी खूबसूरत लग रही है न कहाँ राजा भोज और कहाँ गंगू तेली?

शर्बती भाभी की ओर देख कर मुस्कुराते हुए एक गुलाब जामुन मुँह के अन्दर डाला और उसकी घुलती मिठास का आनंद उठाने लगे। फिर भाँग की पिनक में पिक्कन मियां ने ठंडाई का लोटा उठा लिया।गुप्ता जी के ना ना ना करने पर भी ठंडाई का एक गिलास उनके हाथों में सौंप दिया। और खुद भी ठंडाई का एक और गिलास होंठों से लगा कर हो.. हो.. हो.. कर हँसते हुए नाचने लगे।

ष्ये मुई होली ना हुई बैरन सौतन हो गई।भाँति भाँति के लोग लुगाई वाली कहावत चरितार्थ करते हुए अभी हम मौहल्ले में चारों ओर का नजारा देख ही रहे थे कि ..पीछे से गुप्ता जी की श्रीमती जी ने उन पर रंगों की बौछार करते हुए बाल्टी भर पानी डाल कर रंगीन पानी से सराबोर कर दिया ।ठंडे पानी की बाल्टी गिरते ही उनकी सिट्टी पिट्टी गुम हो गई। गुप्ता जी खिसियानी बिल्ली की तरह भीग कर हँसने लगे। उस वक्त उन्हें बुद्धु बनाकर, हिप हिप हुर्रे कहकर रंग डाला भई रंग डाला से मोर्चा जीतने वाली अदा में उनकी श्रीमती जी की खिलखिलाहट देखने लायक थी।

ष्होली है भई होली है!

बुरा न मानो होली है।ष

कहते–कहते उन्होंने गुंजिया की प्लेट उठाकर एक गुंजिया गुप्ता जी मुँह के हवाले कर दी।

अब गुप्ता जी कहाँ पीछे रहने वाले थे। उन्होंने भी अपनी खिसियाहट छोड़कर खुशी खुशी गाते हुए श्रीमति जी के गोरे मुखड़े पर लाल रंग मल दिया। दोनों पति–पत्नी ने एक दूसरे को रंग लगाकर खुशी–खुशी होलिकोत्सव मनाने की परंपरा का निर्वाहन कर दिया । गुप्ता और उनकी श्रीमती जी ने रंगों से सराबोर होली का खूब आनंद उठाया। होली के गीत की मस्ती में झूमते गुप्ता जी छत पर पहुँचे तो देखा कि–पड़ोसी पिक्कन मियां कमर मटका,मटका कर ठुमके लगाए जा रहे थे।

# अरे रंगरसिकों होली का आनंद जमकर उठाओं..!



अरे रंगरसिकों होली का आनंद उठाओं,
हुड़दंग, मस्ती मौज मनाओं होली की मस्ती में डूबो, रंगों से नहाओं, रंगीनियों में डूब जाओ। फिर ना कहना की होली का आनंद नहीं आया। यह ऐसा त्योहार हैं जिसके आने से पहले ही आनंद–मस्ती का माहौल जमने लगता है। रंगीलों, मस्ती के हुड़दंगियों की प्लानिंग हो जाती हैं।
होली जलेगी बस्ती में और सब नाचेंगे होलिका दहन की मस्ती में, चारों और अबीर, गुलाल अलग–अलग रंगों से
भरी पिचकारियों के संग हुल्लड़ करती टोलियां, रंग खेलने वालों की अजीब हरकतें, तरह–तरह के स्वांग और
जोकरनुमा बहुरुपिये, कालेपीले, लालगुलाबी, हरेनीले, नारंगी–केसरिया चेहरे लिए रंगीलें बानों की अपनी अलग मस्ती हर जगहों पर होती हैं। ढोलढमाके–ताशे, बैंडबाजों के संग नाचती, होली की फिल्मों के गानों की धुन में धूम
धड़ांग मस्तीभरा डांस और ये आनंद भी कोई बृज की, बरसाने की लट्ठमार होली, गोकुल, वृंदावन, मथुरा की,
होली की रंगीनियों से कम नहीं होता आनंद, जब तनमन भावविभोर हो जाता हैं, राधाकृष्ण और बालगोपाल, गोपगोपीयों, सखासहेलियों के संग होली खेलने की
कल्पना कर, अंतर्मन को आल्हादित करता है और पुलकित हो जाता है अंदर–बाहर चारोंओर खुशियों का
वातावरण पल्लवित हो जाता हैं।
चलो सब एकजुट होकर वैमनस्यता, नफरत, ईर्ष्या,
त्यागकर होली मिलन का त्योहार प्रेम, मोहब्बत, भाईचारे
का वातावरण बनाकर मनाऐं। होली खेलें और दिल
पसंद रंगों से खेलें, खुशियों व स्नेह के साथ, मिठाई, पकवानों से मिलने वालों का मुंह मीठा कराऐं और होली का त्यौहार एकदूसरे से गलेमिलकर, बधाईयां देकर बहुत आनंद के साथ मनाऐं !

मदन वर्मा माणिक
इंदौर, मध्यप्रदेश
मो. 6264366070

# होली मे रंगो का प्रयोग

प्राकृतिक रंगों के लाभ

परंपरागत रूप से होली के रंगों को प्राकृतिक रूप से हिबिस्कस के फूल, मेंहदी के पत्ते, केसर, चंदन आदि के मिश्रण से तैयार किया जाता है। ये प्राकृतिक रंग न केवल आपकी त्वचा, बालों और आंखों के लिए अच्छे होते हैं, साथ ही ये मृत त्वचा को भी साफ करते हैं। आयुर्वेद में इस तरह की सामग्री का उपयोग त्वचा को चमकदार बनाने के लिए वर्षों से किया जाता रहा है। ध्यान रखें, सिर्फ प्राकृतिक रंगो के ही लाभ हैं, रसायन युक्त रंग कई तरह से नुकसान भी पहुंचा सकते हैं।

1 लाल रंग – लाल रंग ऊर्जा, साहस, महत्वाकांक्षा, क्रोध, उत्तेजना, उत्साह और पराक्रम का प्रतीक है। वहीं इस रंग को प्रेम और कामुकता का प्रतीक भी माना जाता है। लाल रंग द्वारा रक्त व हृदय संबंधी समस्याओं और मानसिक क्षीणता, आत्मविश्वास की कमी जैसी समस्याओं को हल किया जाता है। वहीं धार्मिक दृष्टि से भी लाल रंग का अत्यधिध्क महत्व है। देवी साधना में यह बेहद महत्वपूर्ण है।

हरा हरियाली, सकारात्मकता, अपरिवर्तनशीलता, गौरव, प्रसन्नता का प्रतीक है। यह तनाव दूर कर, नाड़ी संबंधी रोगों, लिवर, आंत के रोगों एवं रक्त शोधन के लिए महत्वपूर्ण है। यह आत्मविश्वास, प्रसन्नता और शीतलता प्रदान करता है। इसे बुद्धि का रंग भी कहा जाता है। हरा रंग सौभाग्य और समृद्धि का भी सूचक है।

नीला – नीला रंग प्रेम, कोमलता, विश्वास, स्नेह, वीरता, पौरुषता को दर्शाता है। यह रक्तचाप, सांस संबंधी रोगों व आंखों के लिए फायदेमंद होता है। धार्मिक और ज्योतिष की दृष्टि से भी इस रंग का काफी महत्व है। हल्का नीला यानि आसमानी रंग शरीर में जल तत्व का प्रतिनिधिध्त्व करता है और आध्यात्मिक विकास को दर्शाता है।

पीला – पीला रंग आरोग्य, शांति, सुकून, योग्यता, ऐश्वर्य और यश को दर्शाता है, वहीं हल्का रंग बीमारी का सूचक है। पित्त व पाचन संबंधी समस्याओं में यह लाभकारी है। पीला रंग युवावस्ध्था को भी दर्शाता है। यह बौद्धिध्क विकास को भी दर्शाता है और खुशी का अनुभव कराता है। लाल रंग स्पष्टवादिता का भी प्रतीक है। सफेद – सफेद रंग शांति और शुद्धता का प्रतीक है। यह अशांत मन को शांति प्रदान करता है, विद्या प्राप्ति में सहायता करता है और जीवन में सकारात्मकता का संचार कर मन और मस्तिष्क में सात्धविकता प्रदान कर शुद्ध करता है। अत्यधिध्क क्रोधी स्वभाव के लोगों के लिए यध्ह रंग बेहद सकारात्मक है।

पूनम त्रिपाठी
गोरखपुर

# होली पवित्रता का प्रतीक या छेड़छाड़ का परमिट



अरे! सलहज साहिबा, आप होली के दिन कैसे सूखी सूखी घूम रही हैं?

जीजाजी! मैं होली नहीं खेलती।

ऐसे कैसे? हम आए हैं तो होली तो आपको खेलनी ही पड़ेगी।

अच्छा! आप लगा दीजिए रंग।

जीजाजी! छोड़िए! आप बदत्तमीजी कर रहे हैं।

अरे! क्या हुआ मोना? चिल्लाई क्यों तुम? और दामाद जी आप गिर कैसे पड़े?

मम्मी जी! वो जीजाजी–

हाँ! हाँ! बता, क्या बात है?

अरे! कुछ नहीं मम्मी जी। मैं रंग लगाते हुए गिर पड़ा।

मोना! क्या बात है? तू रो क्यों रही है?

मम्मीजी! रंग लगाने के बहाने जीजाजी मेरे साथ बदतमीजी कर रहे थे।

अरे! नहीं, नहीं, सलहज साहिबा झूठ बोल रही हैं। शायद उन्हें कोई गलतफहमी हो गई है।

दामादजी!इतने बेवकूफ तो हम भी नहीं हैं कि सही बात को समझ ना सके। यह हमारे सफेद बाल जिंदगी के अनुभवों से ही हुए हैं। आप दामाद हैं, मान्य है, आपका आदर है पर बहू हमारे घर का मान सम्मान है, हमारी बिटिया है। हमारे घर में उसके साथ बेहदूगी हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। होली खेलिए सभ्यता और तरीके के साथ। होली किसी को बदतमीजी का परमिट नहीं देती। समझे आप!

मौलिक सृजन

ऋतु अग्रवाल
मेरठ

## शनिवार को इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में नकलची पकड़ा गया, मुकदमा दर्ज

थाना गंभीरपुर के विज्ञानाम्बुज इंटर कालेज उबारपुर के विद्यालय कोड संख्या 1141 व परीक्षा केंद्र संख्या 07006 में द्वितीय पाली समाजशास्त्र में परीक्षार्थी फैज अहमद पुत्र समसुद्दीन जिसका अनुक्रमांक 22 36 76 32 58 है उक्त परीक्षार्थी के स्थान पर पंकज कुमार पुत्र ज्ञानचंद निवासी ग्राम खनिहारा थाना देवगांव जिला आजमगढ़ जो फैज अहमद ग्राम व्यवहारा देवगांव के अस्थान परीक्षा दे रहा था जिसे कक्षा संख्या तीन में कक्ष निरीक्षक गुलाब यादव व विनोद कुमार द्वारा कक्ष निरीक्षण के दौरान छात्र के फर्जी होने की सूचना दी गई इस सूचना के आधार पर पहुंच कर परीक्षार्थी से पूछताछ में छात्र ने अवैध होने की बात कही मानी ,पूछताछ में पंकज कुमार ने बताया कि आधार कार्ड एवं प्रवेश पत्र में अपना फोटो लगाकर फैज के स्थान पर मेरा फोटो लगाकर श्रीमती सुखराज जी यादव इंटर कॉलेज हरिशचंद्रपुर के प्रधानाचार्य द्वारा फोटो को प्रमाणित किया गया । केंद्र व्यवस्थापक शैलेंद्र राय ने बताया और पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता की 18 60 की धारा 419 ,420 ,467, 468 ,471 तथा उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 की धारा 3,6 ,9,10 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

## आगामी पर्व को लेकर थानाध्यक्ष ने चौकीदारों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



होली और शब–ए–बारात पर्व नजदीक है। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। रविवार को दीदारगंज थाने में आगामी त्योहारों होली और शब–ए–बारात को लेकर थाना अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने क्षेत्र के चौकीदारों के साथ एक मीटिंग की। जिसमें आगामी त्योहारों के बाबत आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई। मीटिंग में आए चौकीदारों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए ।थानाध्यक्ष दीदारगंज विजय प्रताप सिंह ने क्षेत्र के चौकीदारों के साथ त्योहार के मद्देनजर मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में सबको बता देना है कि आगामी त्योहार होली और शब–ए–बारात पर्व पर किसी भी तरह से कोई भी खुराफाती त्योहार में विघ्न ना डालें वरना उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, तथा होलिका दहन वाले स्थानों पर अगर कोई समस्या हो तो उसे शीघ्र अवगत कराएं। थानाध्यक्ष ने चौकीदारों से कहा कि अगर किसी भी तरह की कोई समस्या हो या कोई खुराफाती तत्व त्यौहार में विघ्न डालने की कोशिश करें आप तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि त्योहारों में किस तरह की कोई व्यवधान उत्पन्न ना होने पाए। इस मौके पर क्षेत्र के दर्जनों चौकीदार मौजूद थे।

## आ रही 'लू' वाली गर्मी, पहचानें लक्षण और बरतें सावधानी ताकि न हो स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई परेशानी

अयोध्या मौसम में असामान्य बदलाव के बीच चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने श्लूश से बचाव के लिए परामर्श जारी किया है द्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा कहना है कि हीट वेव (लू) की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है द्य इससे प्रभावित व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है । अतः लू के प्रभाव को कम करने के लिए रेडियो सुनें, अखबार पढ़ें और टेलीवीजन पर आने वाले ताजा समाचारों को सुनें, ताकि स्थानीय मौसम का पता चलता रहे हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षणों जैसे– कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, ज्यादा पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचानें द्य यदि मूर्छा या बीमारी का आभास हो, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाएं द्य आपात की स्थिति में 108ध्102 एम्बुलेंस सेवा का लाभ उठायें द्य सीएमओ ने जनपदवासियों को लू से बचाव के लिए जरूरी परामर्श दिए हैं, जो इस तरह से हैं। शरीर में पानी की कमी से बचें। गमछा लेकर घर से बाहर निकलें।हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें।लू से बचाव के लिए 'हाइड्रेट रहें' यानि शरीर में पानी की कमी से बचें द्य इसके लिए अधिक से अधिक पानी पियें द्य यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ रखें द्य ओआरएस, घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे–लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू–पानी, छाछ आदि का उपयोग करें द्य जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल एवं सब्जियों जैसे– तरबूजा, खरबूज, संतरे अंगूर, खीरा, ककड़ी एवं सलाद पत्ता आदि का प्रयोग करें ।

## ई-कंटेंट प्रतियोगिता मे शिक्षिका रश्मि तिवारी को मिला प्रथम स्थान

बांदा। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान मे शनिवार को ई–कंटेट विकास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे जनपद के सभी ब्लाकों के विभिन्न शिक्षकों ने प्रतिभाग किया, प्रतियोगिता का शुभारंभ डायट प्राचार्य रामपाल सिंह ने किया। प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य शिक्षको की गुणवत्ता संवर्धन था। सभी शिक्षकों ने ई–कंटेंट विषय पर अपने अपने प्रजेन्टेशन को पी पी टी के माध्यम से प्रस्तुत किया, प्रतियोगिता का संयोजन डायट प्रवक्ता गुरुराज सिंह द्वारा किया गया, प्रतियोगिता मे शिक्षिका रश्मि तिवारी सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय गिरवां कम्पोजिट ब्लॉक महुआ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। अंत मे डायट प्राचार्य रामपाल सिंह ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि एक माह पूर्व चार फरवरी को शिक्षिका रश्मि तिवारी को लखनऊ मे महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद द्वारा एडूलीडर एवार्ड से सम्मानित किया गया था।

## लेखपाल और प्रधान का कारनामा सुन दंग रह गए अयोध्या डीएम नीतीश कुमार , दिए कार्रवाई के निर्देश, जानें मामला



अयोध्या अयोध्या रुदौली, जनपद अयोध्या जिले की रुदौली तहसील में आयोजित तहसील समाधान दिवस में डीएम नितीश कुमार ने पहुंचकर जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई फरियादियों की समस्याओं का तत्काल समाधान कर कई शिकायतों को अविलंब निस्तारण के अधिकारियों को निर्देशित किया। उसी बीच क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाजिदपुर की पीड़ित महिला नूरजहां और परवीन पहुंचे। उन्होंने जैसे ही डीएम को अपना दुखड़ा सुनाया तो वह दंग रह गए। पीड़ितों ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि हमारे गांव में पुरानी आबादी की भूमि गाटा संख्या 435, 421, 422 जो संक्रमणीय भूमिधर है, जिसके सामने गाटा संख्या 418ध्6.532 हे. आबादी दर्ज है, जिस पर लेखपाल कुलदीप सिंह ग्राम प्रधान वाजिदपुर उस्मान अंसारी से मिलीभगत करके आबादी की जमीन का फर्जी तरीके से लगभग 12 लोगों को बैनामा करवा दिया है और उस जमीन पर प्लाट काटे गए, जिसमें रुदौली में तैनात लेखपाल कुलदीप सिंह ने स्वयं ग्राम प्रधान के साथ मिलकर प्लाटिंग की है और प्लॉट भी बिकवाए हैं। उन्होंने यहां तक कहा उसमें का एक प्लॉट अभी लेखपाल साहब ने खुद के लिए सुरक्षित भी रखा है। उन्होंने बताया कि हमारे गांव में लेखपाल कुलदीप सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह की तैनाती है। वह कभी भी गांव व तहसील नहीं आती हैं। उनका कार्य उनके पति लेखपाल कुलदीप सिंह स्वयं करते हैं। इस गंभीर मामले की शिकायत सुनते ही जिलाधिकारी नितीश कुमार ने सख्त शब्दों में कहा पुरानी आबादी की जमीन बिक्री ही नहीं हो सकती, जिसने भी की है या इसमें जो भी शामिल है उसके खिलाफ जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी !

## संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण की कार्यशाला : डॉ अनिल,अयोध्या



मांझी ,अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन धर्म नगरी अयोध्या के बीकापुर। ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भरतनगर व बीकापुर द्वारा शाखा संगम भारती इन्टर कॉलेज में आयोजित हुआ। एक घंटा की शाखा की अवधि की पहले भगवा ध्वज फहराया जाता है। जो हमारे धर्म व संस्कृति का प्रतीक है। शाखा में ध्वज फहराने के पश्चात सूर्य नमस्कार, योग, व्यायाम, खेल, देशभक्ति गीत होते हैं। इससे लोगों में राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत किया जाता है। ताकि सामाजिक परिवर्तन आए। हमारा देश विश्वगुरु बने इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य ध श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा ने कहा कि कई शाखाओं का एक ही स्थान पर एक परिसर में समागम होना ही शाखा संगम है। संघ की पहचान शाखा से ही होती है क्योंकि शाखा व्यक्ति निर्माण की एक प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझना है तो शाखा में जाना पड़ेगा। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन शाखा जाना आवश्यक होता है क्योंकि मनुष्य में अंतर्निहित शक्तियों को जगाने का माध्यम शाखा ही है। शाखा पर होने वाली विभिन्न गतिविधियों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है और सामाजिक समरसता का विकास होता है। देश की वास्तविक उन्नति समरस समाज से ही संभव है,हमें समाज में रहकर अपने विचारों और कर्मों से राष्ट्र की उन्नति में सहयोग करना चाहिए ।उन्होंने कहा कि व्यक्ति को आशावादी होकर अपना कर्म दृढ़ प्रतिज्ञ और कर्तव्य निष्ठा के साथ करना चाहिए। व्यक्ति को उसका कर्म ही बदल सकता है। हमारी शाखा ही हमारा कर्म है और हमारा ध्येय भी। उन्होंने महाभारत,रामायण,रामचरित मानस, वेदों,पुराणों के कई दृष्टांत सुना कर उपस्थित स्वयंसेवकों को तन–मन–धन से समर्पित होकर मातृभूमि की रक्षा हेतु दृढ़ संकल्पित किया ।उन्होंने कहा कि अपने बड़ों को अपमानजनक शब्द बोलना और अपनी आत्म प्रशंसा करना मृत्यु के समान है। ध्येय के प्रति अडिग रहना ही स्वयं सेवकों की पहचान है और सीखने की दृढ़ इच्छाशक्ति व्यक्ति को पूर्ण बनाती है। उन्होंने उद्‌बोधन गीत शाखा है गंगा की धारा डुबकी नित्य लगाते हैं का अनुकरण वाचन करा कर उपस्थित स्वयंसेवकों में एक नई ऊर्जा का संचार किया। समापन परिसर में लगी सभी शाखाओं द्वारा एक साथ संघ प्रार्थना के साथ हुआ ।इस अवसर खंड संघचालक राम कुबेर जी,नगर संघचालक महेश गुप्ता, सह जिला कार्यवाह आनंद द्विवेदी ,जिला प्रचारक सुधांशु, नगर कार्यवाह गौरव, सह नगर कार्यवाह राजेंद्र मोदनवाल ,नगर प्रचारक अभिषेक ,जिला शारीरिक प्रमुख हिमांशु,जिला कार्यकारिणी सदस्य लालदास जी विष्णु गुप्ता,विनीत तिवारी,विकास,विकास तिवारी सहित नगर की सभी शाखाओं के सदस्य मौजूद रहे।

## नवीगंज चौकी पर तैनात रहे आनंद कुमार दुबे का सम्मान के साथ किया गया विदाई समारोह




बेवर थाना क्षेत्र के कस्बा नवीगंज चौकी पर तैनात रहे आनंद कुमार दुबे को सीतापुर उप निरीक्षक के पद चयन होने पर आनंद कुमार दुबे की एक अनोखे अंदाज में विदाई समारोह हुआ है विदाई समारोह पर क्षेत्रीय लोगों ने फूलों की माला पहनाकर व शॉल उड़ा कर सम्मान के साथ बैंड ढोल मजीरा बजा कर विदाई दी गई बेवर थाने में भी विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया। बेवर थाना प्रभारी विदेश त्यागी व नवीगंज चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर ने आनंद कुमार को बधाई देकर शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आनंद कुमार दुबे बहुत ही ईमानदार और सामाजिक सिपाही है क्योंकि उनकी भाषा और निष्ठा देश के लिए अर्पण करती है ऐसे वीर सिपाही हमारे देश के लिए गौरव के पात्र है। आनंद कुमार दुबे पुत्र श्री अजय कुमार दुबे गाजियाबाद के निवासी है पिछले 1 साल से नवीगंज चौकी पर तैनात थे उन्होंने बहुत ही ईमानदार से डयूटी की 2020–21 उप निरीक्षक की भर्ती पास की थी। आपको बता दें आनंद कुमार दुबे ने ड्यूटी के बाद समय निकालकर पढ़ कर बहुत ही लगन से मेहनत कर परीक्षा पास की सीतापुर में ट्रेनिंग के लिए नवीगंज से विदाई दी गई । जो सिपाही देश के प्रति और समाज के प्रति अपने पर खरे उतरते हुए हैं उनका हर जगह ऐसा ही सम्मान होता है क्योंकि जो व्यक्ति समान के लायक होता है उसे ही सम्मान दिया जाता है कहा गया है कि अच्छे लोगों की कद्र आ जाए होती चाहे वह कहीं भी देश के कोने में हो विदाई समारोह के वक्त मौजूद रहे। नवीगंज चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर, बौद्ध प्रकाश, सतीश चंद्र, गौतम कुमार, सुबोध तोमर, करतार सिंह, दलवीर सिंह, नवीन सिंह तोमर प्रधान, ऋषि प्रधान, सर्वेश कुमार मक्खन लाल,पीयूष द्विवेदी, मोंटी यादव, राजीव चौहान, संजय कुमार, आदि लोगों ने फूल माला व शॉल उड़ाकर सम्मान के साथ विदाई दी।

## राम नगरी अयोध्या के हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास को 13 अप्रैल 2023 को मिलेगा हिन्दू रत्न सम्मान - हिन्दू महासभा



अयोध्या। अखिल भारत हिन्दू महासभा अयोध्या के हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास जी महाराज को हिन्दू रत्न सम्मान से सम्मानित करेगी । इस आशय का निर्णय नई दिल्ली के सागर पुर में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न एक बैठक में लिया गया । बैठक में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता सहित हिन्दू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के योगेंद्र , चंद्रशेखर सनातनी , उपेंद्र शर्मा , रघुवेंद्र सिंह आदि अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए यह जानकारी आज जारी बयान में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने दी । जारी बयान के अनुसार बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि महंत राजू दास जी महाराज भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने , हिन्दू धर्मग्रंथों की रक्षा एवं सम्मान तथा सनातन संस्कृति की रक्षा में निरंतर मुखर हैं । वो सनातन संस्कृति और धर्मग्रंथों का निरादर करने वाली आसुरी शक्तियों पर प्रहार करते हुए देश के हिन्दू समाज को स्वधर्म , स्वसंस्कृति , स्वराष्ट्र और स्वाभिमान की रक्षा हेतु जागरूक बनाने की दिशा में अतुलनीय कार्य कर रहे हैं । सनातन समाज के प्रति उनके इसी समर्पण और त्याग भावना को देखते हुए महंत राजू दास जी महाराज को हिन्दू रत्न सम्मान देने का निर्णय लिया गया है हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र के नेतृत्व में अयोध्या जनपद के पदाधिकारियों ने हनुमानगढ़ी में महंत राजू दास जी महाराज से भेंट कर उन्हे हिन्दू रत्न सम्मान के लिए चयन होने की जानकारी प्रदान कर उन्हे शुभकामनाएं दी । प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी द्वारा हस्ताक्षरित पत्र देकर उन्हें सम्मान ग्रहण करने के लिए 13 अप्रैल को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर आमंत्रित किया । महंत राजू दास जी महाराज ने आमंत्रण स्वीकार कर प्रतिनिधिमंडल में शामिल हिन्दू महासभा पदाधिकारियों को आशीर्वाद देकर उन्हें हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हिन्दू राष्ट्र निर्माण हस्ताक्षर अभियान समिति के राष्ट्रीय संयोजक नितिन उपाध्याय के नेतृत्व में जारी हस्ताक्षर अभियान के समर्थन में हिन्दू राष्ट्र निर्माण का संकल्प दिलवाया,अधिवक्ता मिश्र ने बताया कि महंत राजू दास जी महाराज को हिन्दू रत्न सम्मान के अंतर्गत हनुमान जी की गदा , प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा । यह सम्मान उन्हे हिन्दू महासभा के 109 वें स्थापना दिवस 13 अप्रैल को जंतर मंतर पर आयोजित हिन्दू राष्ट्र निर्माण सम्मेलन में दिया जाएगा ,अयोध्या से जारी एक बयान में हिन्दू महासभा अयोध्या जिला अध्यक्ष रामधन निषाद ने महंत राजू दास जी महाराज को हिन्दू रत्न से सम्मानित करने का निर्णय लेने पर हिन्दू महासभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी का आभार जताया । उन्होंने कहा कि महंत राजू दास जी महाराज का सम्मान अयोध्या नगरी के लिए गौरव का विषय है । उन्होंने बताया कि इससे पहले अयोध्या के संत महंत परमहंसाचार्य जी महाराज भी दो वर्ष पूर्व हिन्दू महासभा द्वारा हिन्दू रत्न सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं !

## महिला के साथ पति के दोस्त ने किया बलात्कार, मुकदमा दर्ज

गंभीरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गंभीरपुर थाने में तहरीर देकर ईश्वरपुर गांव के एक व्यक्ति के ऊपर दुराचार करने का आरोप लगाया है उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि मेरे पति के दोस्त गांव के अरुण मौर्या पुत्र मंगला मौर्या ने मेरे पति के ना रहने पर मेरे घर आते जाते थे 28 जनवरी को शाम को मेरे घर आए चाय बनाने की बात कहे मैंने चाय बना कर दी उसी चाय में इन्होंने नशीला पदार्थ डाल कर मुझे मिला दिया मैं बेहोश हो गई उसी समय मेरे साथ दुराचार किए वीडियो बना लिए जब मैं इसका विरोध करने लगी तो मुझे वही वीडियो दिखा कर ब्लैकमेल करते रहे कि यदि मेरी बात नहीं मानी तो पूरे देश में तुम्हारा वीडियो फैला दूंगा जिससे तुम कहीं की नहीं रह पाओगी वह वीडियो दिखा कर मेरे साथ कई बार दुराचार किए जब मैं परेशान हो गई तो इस बात की जानकारी मुंबई से आए अपने पति को दी जिसकी लिखित सूचना पीड़िता ने गंभीरपुर थाने में दिया तहरीर के आधार पर गम्भीर पुर पुलिस ने शनिवार को दुराचार का मुकदमा दर्ज किया इस संबंध में थाना प्रभारी गंभीरपुर विजय प्रकाश मौर्य ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही हैगंभीरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गंभीरपुर थाने में तहरीर देकर ईश्वरपुर गांव के एक व्यक्ति के ऊपर दुराचार करने का आरोप लगाया है उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि मेरे पति के दोस्त गांव के अरुण मौर्या पुत्र मंगला मौर्या ने मेरे पति के ना रहने पर मेरे घर आते जाते थे 28 जनवरी को शाम को मेरे घर आए चाय बनाने की बात कहे मैंने चाय बना कर दी उसी चाय में इन्होंने नशीला पदार्थ डाल कर मुझे मिला दिया मैं बेहोश हो गई उसी समय मेरे साथ दुराचार किए वीडियो बना लिए जब मैं इसका विरोध करने लगी तो मुझे वही वीडियो दिखा कर ब्लैकमेल करते रहे कि यदि मेरी बात नहीं मानी तो पूरे देश में तुम्हारा वीडियो फैला दूंगा जिससे तुम कहीं की नहीं रह पाओगी वह वीडियो दिखा कर मेरे साथ कई बार दुराचार किए जब मैं परेशान हो गई तो इस बात की जानकारी मुंबई से आए अपने पति को दी जिसकी लिखित सूचना पीड़िता ने गंभीरपुर थाने में दिया तहरीर के आधार पर गम्भीरपुर पुलिस ने शनिवार को दुराचार का मुकदमा दर्ज किया इस संबंध में थाना प्रभारी गंभीरपुर विजय प्रकाश मौर्य ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## बिजनौर में 5 वर्षीय मासूम बच्ची के हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



दुष्कर्म में नाकाम होने पर की थी मासूम की हत्या किरतपुर। बिजनौर में दो दिन पहले 5 वर्षीय मासूम बच्ची की धारदार हथियार से गर्दन काट कर निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दुष्कर्म में नाकाम होने पर पास के ही रहने वाले एक युवक ने बच्ची की गला काटकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर आला कत्ल बरामद कर लिया है। पूरा मामला बिजनौर के किरतपुर थाना क्षेत्र का है। जहां के मोहल्ला मुगलान के रहने वाले मोहम्मद नौशाद की 5 वर्षीय पुत्री सना अपनी मां से पैसे लेकर शुक्रवार की दोपहर लगभग 1रू00 बजे पास की किराना की दुकान से टॉफी लेने गई थी। काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने आसपास तलाश किया काफी तलाश के बाद भी मासूम बच्ची का कहीं पता नहीं चल पाया। शाम लगभग 6रू00 बजे घर से लगभग 200 मीटर दूर एक खंडहर नुमा बंद पड़े मकान में मासूम सना का खून से लथपथ गर्दन कटा हुआ शव पड़ा मिला था। शव को पतंग उड़ा रहे बच्चों ने देखा तो उन्होंने शोर मचा दिया। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने पास के ही रहने वाले अमान खान 19 वर्ष पुत्र आजाद खान को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह मूलरूप से इंचोली मेरठ का रहने वाला है। और वर्तमान में किरतपुर में अपने मामा तालिब के घर पर रहता है। उसके मां–बाप नहीं है ना ही कोई भाई बहन है। वह बच्ची को पहले से जानता था उसके घर पर भी आता जाता रहता था। पुलिस मुताबिक आरोपी ने बताया कि 3 मार्च को वह बच्ची को अपने साथ टॉफी का लालच देकर बंद पड़े मकान में ले गया। वहां उसने रेप की कोशिश की। लेकिन बच्ची रोने चिल्लाने लगी जिस पर उसने बच्ची की गर्दन काट कर हत्या कर दी। और वहां से फरार हो गया। एसपी सिटी डॉ.प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि 24 घंटे के अंदर घटना का खुलासा कर दिया गया है। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। घटना के खुलासे के लिए डीआईजी ने पुलिस टीम को 50 हजार रूपए का इनाम देने की घोषणा की है।

# जर्जर सड़कें विकास कार्यों के दावे की खोल रही है पोल - कपिल मुनि गुप्त



(जौनपुर) । निवर्तमान चेयरमैन शिव गोविन्द साहू के कार्यकाल में मरम्मत के अभाव में क्षतिग्रस्त हुई सड़कें जहां विकास कार्यों की पोल खोल रही है वही लाखों रुपए की लागत से खरीदी गई जेसीबी मशीन और सेफ्टी टैंक फिजूलखर्ची साबित हो रहें हैं। जबकि आरो मशीन एवं समय सेबल शो पीस बने हुए हैं। उक्त बातें मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन कपिल मुनि गुप्त ने रविवार को विशेष बातचीत करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि मुंगराबादशाहपुर नगर के गजराज गंज मोहल्ले से सिपाह, अम्बेडकर नगर आदि मोहल्ले को जोड़ने वाली सड़क मरम्मत के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो चुकी है जिसपर लोगों का चलना दुश्वार हो गया है। इसी तरह हैप्पी माडल स्कूल रोड, छिवलहा गली की सड़क मरम्मत के अभाव में जर्जर हो राहगीरों को घायल कर रही है। उन्होंने बताया कि स्टेशन रोड को जंघई रोड से जोड़ने वाले मार्ग की मरम्मत की दशा किसी से छिपी नहीं है। जिसे कूड़ा करकट से बनाया गया था तथा उसकी नाली लोकार्पण समारोह के पहले ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। उन्होंने बताया कि मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका के निवर्तमान चेयरमैन शिव गोविन्द साहू के कार्यकाल में सड़कों की मरम्मत, कर्मचारियों को समय से वेतन और अखबारों में प्रकाशित कराए गए टेंडरों एवं शुभकामना संदेशों का भुगतान भले ही नहीं किया गया हो लेकिन फिजूलखर्ची में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखा गया था। आलम यह रहा कि लाखों की लागत से खरीदा गया सेफ्टी टैंक मशीन नगर पालिका परिषद के परिसर की शोभा बढ़ा रहा है तो नालियों की सफाई हेतु खरीदी गई जेसीबी मशीन को जंग खा रहे हैं । उन्होंने बताया कि लगभग चार महीने में 11 लाख 87 हजार 741रूपए की होर्डिंग एवं दिवाल पेंटिंग तथा 89 हजार 741रूपए का 2 अदद गुब्बारा (स्काई बैलून ) उड़ानें वाली नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर द्वारा लगभग 12 लाख का सेफ्टी टैंक और नाली की सफाई हेतु लगभग 10 लाख की मिनी जेसीबी मशीन खरीदी गई थी । जिसका प्रयोग नगर पालिका प्रशासन द्वारा आज तक नहीं किया जा सका। पूर्व चेयरमैन कपिल मुनि गुप्त ने कहा कि नगर में जो आर ओ मशीन लगाया गया है उसकी मशीनें शोपीस बनकर रह गई है। जबकि पानी की सप्लाई सीधे टंकी से की जा रही है। इसी तरह मुंगराबादशाहपुर नगर के साहबगंज मोहल्ले स्थित राम नरायन साहू रमई के माकान के पास लाखों रुपए की लागत से लगाया गया समर सेबल छः महीने बाद ही पानी की जगह बालू उगलने लगा।जिसकी मरम्मत गारंटी अवधि में होने के बाद भी नहीं कराई गई। उन्होंने बताया कि निवर्तमान चेयरमैन शिव गोविन्द साहू के कार्यकाल में नगर के अम्बेडकर नगर, पकड़ी गोदाम, गजराज गंज सहित कई अन्य मोहल्लों में विकास के नाम पर कोई काम नहीं किया गया। पूर्व चेयरमैन कपिल मुनि गुप्त ने निवर्तमान चेयरमैन शिव गोविन्द साहू के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों में व्यापक पैमाने पर धांधली करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मामला चाहे विद्युत उपकरण की खरीद का रहा हो चाहे पानी की टंकी की मरम्मत कराने का हो अथवा सड़क मरम्मत सहित अन्य विकास कार्यों में भारी कमीशन बाजी के कारण व्यापक पैमाने पर धांधली एवं फिजूलखर्ची कर विकास मद के वजट को चूना लगाया गया था ।

# प्रशासनिक अधिकारियों की हुयी वर्चुअल बैठक

बांदा। उ0प्र0 राज्य स्थानिक निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य महेन्द्र कुमार, ब्रजेश कुमार व संतोष कुमार विश्वकर्मा के द्वारा चित्रकूटधाम मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा स्थानीय निकाय के पूर्व जनप्रतिनिधियों (अध्यक्षोंध्सभासदों) के साथ वर्चुवल बैठक एन0 आई0 सी0 सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उ0प्र0 राज्य स्थानिक निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्यों के द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व के सन्दर्भ में अनुभाविक जांच अध्ययन के साथ निकायवार एवं अनुपातिक आरक्षण के बावत समकालीन आख्या के लिए जनप्रतिनिधियों एवं लोंगो से जानकारी व पक्ष सुना गया। बैठक में उन्होंने सभी जनपदों में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों की संख्या एवं निकायों की पूर्ण जनसंख्या व अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के प्रतिशत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से जनपदों में पिछड़ा वर्ग के सर्वे के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की तथा यदि कोई आपत्ति हो तो उसको भी सुना। बैठक में आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल आर0पी0सिंह, जिलाधिकारी दीपा रंजन, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाकान्त त्रिपाठी, संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार सहित अधिशाषी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत तथा जनप्रतिनिधि राज कुमार गुप्ता, ओरन से चुन्नू प्रसाद कुशवाहा, नरैनी से सगीर अहमद, बांदा से बाबूराम निषाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बेंदाघाट मे बने यमुना पुल की मरम्मत का कार्य पूरा

बादां। टांडा नेशनल हाइवे पर बने यमुना नदी पुल 25 फरवरी को क्षतिग्रस्त हो गया था। नेशनल हाइवे विभाग के जागने में लगभग एक सप्ताह से ज्यादा लग गया है। शनिवार से रविवार की सुबह तक में मरम्मत कार्य नेशनल हाईवे अथारिटी शाखा रायबरेली ने किया है। साइट इंजीनियर आयुष्मान कुमार से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि पुल में हुई मरम्मत कार्य को अभी एक हफ्ते पकने में लगेंगे, इसके बाद करीब 12 मार्च के बाद चालू हो सकता है। पुल की उम्र के बारे मे पूछने पर बताया कि नेशनल हाईवे आथारिटी आफ इंडिया से अनुरोध किया है कि पुल की वास्तविक स्थिति जानने के लिए जांच टीम गठित कर जांच कराने के लिए पत्र लिखा गया था। जिस पर जांच टीम गठित हो गई है जांच टीम की रिपोर्ट आने पर पता चलेगा कि किस प्रकार की मरम्मत की आवश्यकता है कि नया पुल बनाना पड़ेगा या नही।

# बिजनौर में अपहरण हुए भट्टा स्वामी को पुलिस ने किया बरामद



बिजनौर ।बिजनौर के नांगल में देर रात हुए भट्टा स्वामी के अपहरण के मामले में पुलिस ने भट्टा स्वामी को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस टीम ने 4 अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से अवैध हथियार और गाड़ी बरामद हुई है ।मामला बिजनौर के थाना नांगल क्षेत्र का है। जहां देर रात में देर शाम लगभग 9रू00 बजे नजीबाबाद के रहने वाले अनुज कुमार अग्रवाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके भाई सौरभ अग्रवाल ईट के भट्टे पर बैठे थे। तभी सफेद रंग की मारुति कार में मोटरसाइकिल सवार बदमाश तमंचे के बल पर जबरदस्ती गाड़ी में डालकर अपहरण कर ले गए। सूचना पर पुलिस की कई टीमें तलाश में जुट गई। देर रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार व मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाश पकड़े गए। साथ ही अपहरण किए गए भट्टा स्वामी सौरभ अग्रवाल को भी पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने 4 आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसमें विशाल, सलीम , भोले व कपिल नाम के व्यक्ति हैं। उनके कब्जे से एक फर्जी नंबर प्लेट लगी कार एक बाइक तीन तमंचे बरामद किए है। पकड़े गए आरोपी कपिल ने पुलिस पूछताछ में बताया कि सौरभ उसका चचेरा भाई है। उसने यह भी बताया कि कुछ समय पहले दहेज हत्या में 10 साल की सजा काटकर जेल से छूटा है। उसकी आर्थिक स्थिति खराब थी। कर्ज भी हो गया था। जिसके चलते उसने सौरभ के अपहरण कर 5 लाख फिरौती की योजना बनाई थी। एसपी सिटी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 4आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भट्टा स्वामी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। इनके कब्जे से अवैध हथियार और गाड़ी बरामद की है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

# फतेहगंज थाना क्षेत्र में नही रुक रही जानवरो की अवैध तस्करी

बांदा। जिले के फतेहगंज थाना क्षेत्र में पशु तस्करी के खेल को पुलिस रोक नहीं पा रही है। इस कारण पशु तस्करी का धंधा जोरों पर है। इस खेल में कुछ वर्दीधारियों के शामिल होने से इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि थाना क्षेत्र में बिना पुलिस संरक्षण के अवैध काम संभव नहीं है। सूत्रों की माने तो शाम होते ही इस मार्ग पर पशु लदे वाहनों के गुजरने का शुरू हुआ सिलसिला भोर तक चलता रहता है। सूत्र बताते हैं कि पशु तस्करी में बिना नंबर लगे वाहनों का प्रयोग किया जाता है या फिर नम्बर प्लेट में नंबर गलत डाल दिया जाता है। अगर सघन चेकिंग के दौरान वाहन पुलिस के हाथ लग भी गया तो आवश्यक जांच–पड़ताल में दिक्कत आती है। इसी बीच इसकी सूचना तस्करी में शामिल पुलिसकर्मियों को दे देते हैं, जिसके बाद शुरू हो जाता है मैनेज का खेल। सूत्रों की मानें तो इसके बदले पुलिसकर्मी तस्करों से मुंहमांगी रकम भी वसूलते हैं। फतेहगंज थाना क्षेत्र में गरीब किसानों की भैंसे चोरी तो होती हैं लेकिन मिलती नही है क्योंकि थाने पर बैठे जेब गर्म करने वाले मुलाजिमों की सांठगांठ पशु तस्करों से होती है। ग्रामीणों की माने तो भैंस चोरी की रिपोर्ट भी दर्ज नही करते। खुलेआम ट्रक में भर कर रात के अंधेरे में चोरी को भैंसों की तस्करी की जाती है। सूत्रों के मुताबिक शनिवार और रविवार की रात्रि दर्जन भर ट्रक निकलते है जिनसे एंट्री के नाम पर थाने पर मोटी रकम ली जाती है और हिस्से का बंटवारा किया जाता है। खेल सिर्फ भैसों का ही नहीं प्रत्येक रात्रि बालू के अवैध वाहनों से भी कमाई की जाती है। जिसकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती है। फतेहगंज थाना से मात्र कुछ ही दूरी पर संग्रामपुर पहाड़ी में अवैध खनन होता है जिसमे थाने का संरक्षण प्राप्त होना बताया जाता है। पूर्व भाजपा जिला महामंत्री अरुण पटेल का कहना है कि काफी दिनो से फतेहगंज थाना द्वारा पशु तस्करी का खेल खेला जा रहा है जिसकी शिकायते लगातार आ रही हैं और सोशल मीडिया में क्रूरता पूर्वक पशु से लदा ट्रक का वीडियो सामने आया है जिसको उच्च अधिकारी व बीजेपी के नेताओ को भेज कर कार्यवाही की मांग जाएगी। थाने में पदस्थ इंस्पेक्टर व आरक्षी शैलेंद्र यादव का नाम सामने आ रहा है जिसकी जांच के लिए उच्च अधिकारियों से बात की जाएगी।

# आजमगढ़ मे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ होली मिलन समारोह

आजमगढ़) जिले के शारदा चौराहे पर स्थित ग्रैंड एसआर होटल में नारी शक्ति संस्थान द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस मौके पर पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से समाजसेवी और कवित्री लेखिका तथा समाज में अपनी अलग पहचान बनाने वाली तमाम महिला हस्तियों को आमंत्रित किया गया था नारी शक्ति संस्थान द्वारा इन महिलाओं के अच्छे काम के लिए पुष्प हार मोमेंटो और तुलसी जी का पौधा तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर होली की छटा बिखेरते हुए महिला कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए इस मौके पर एसडीएम लालगंज एसडीम सदर ने नारी शक्ति संस्थान का आभार प्रकट करते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी अलग पहचान बनानी चाहिए साथ ही साथ उन्हें दो बेटे या दो बेटी से ज्यादा संतान की उत्पत्ति नहीं करनी चाहिए इन्हीं दो को पढ़ा लिखा कर आत्मनिर्भर बनाना चाहिए और सामाजिकता पूरी तरह से सीखानी चाहिए इस मौके पर जिला अधिकारी आजमगढ़ विशाल भारद्वाज की धर्मपत्नी अंगिरा भारद्वाज ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जितना ध्यान लोग अपने बेटों पर देते हैं उतना ही ध्यान बेटियों पर भी देना चाहिए बेटियों को पढ़ा लिखा कर शिक्षित बनाना चाहिए और इतना पढाये कि वह खुद नौकरी करके आत्मनिर्भर बने ताकि शादी के बाद उसे पति के अधीन न रहना पड़े ।यदि कोई जरूरत पड़े तो खुद अपनी जरूरत अपने से पूरी कर सके लेकिन ध्यान रहे कि इन जरूरतों को पूरी करते समय परिवार के बीच कोई अड़चन पैदा ना हो इस बीच उन्हें ससुराल पक्ष का भी ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर बेटी को अपनी ससुराल में सास ससुर का भी उतना ही ख्याल करना चाहिए जितना वह मायके मे अपने माता–पिता का करती हैं । और वहीं ससुराल पक्ष को भी चाहिए कि हर बहू का उतना ही ख्याल करें जितना अपनी बेटियों का करते हैं इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम दूसरों को नसीहत देने से पहले खुद को बदलें खुद को समझें और अपने परिवार को संभाले ।क्योंकि जब हम और हमारा परिवार बादलेगा तो हमें दूसरों को ही संभालने का और बदलने का मौका मिलेगा ।और जब सभी लोग अपनी अपनी जिम्मेदारियां समझ कर अपने आप को समझ लेंगे अपने परिवार को सुधारेगे तो फिर किसी तरह का कोई गलत कार्य नहीं होगा न समाज में कोई दिक्कत होगी नहीं किसी को कोई हेय दृष्टि से देखेगा ।हम बदलेंगे जग बदलेगा इसलिए दूसरों को बदलने और कुछ कहने से पहले अपने आप को बदलिए अपने आप को सुधारिये। कार्यक्रम के अंत में नारी शक्ति संस्थान की सचिव डॉ पूनम तिवारी ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

# दिल्ली का बजट 21 मार्च को होगा पेश, पहली बार मनीष सिसोदिया की रहेगी 11 मौजूदगी



दिल्ली सरकार का बजट 21 मार्च को पेश होगा. पहली बार दिल्ली सरकार मनीष सिसोदिया की गैरमौजूदगी में बजट पेश करेगी. इस बार बजट कैलाश गहलोत बजट पेश करेंगे. सरकार ने 17 मार्च बजट सत्र बुलाया है. बता दें कि गिरफ्तारी से पहले मनीष सिसोदिया ने भी सीबीएसई बजट के लिए समय मांगा था. केंद्र जांच एजेंसी उन्हें काफी पहले ही गिरफ्तार करना चाहती थी, लेकिन सिसोदिया ने एजेंसी से अनुरोध किया था कि उन्हें बजट की तैयारी के लिए समय चाहिए. इसलिए मैं पूछताछ में शामिल नहीं हो पाएंगे. उनके अनुरोध के बाद सीबीआई ने सिसोदिया को बाद में पेश होने की मोहलत दे दी थी.सिसोदिया 26 फरवरी को सीबीआई के सामने पेश हुए थे. 8 घंटे तक चली पूछताछ के बाद उन्हें जांच एजेंसी ने गिरफ्तार कर लिया था. इसके बाद उनके परिवार को इसकी जानकारी दी गई थी. सीबीआई दफ्तर जाने से पहले सिसोदिया ने अपनी मां का आशीर्वाद लिया था गिरफ्तारी के बाद सिसोदिया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था. सिसोदिया के इस्तीफे के बाद वित्त मंत्रालय कैलाश गहलोत को दे दिया गया. इसलिए इस बार का बजट भी कैलाश गहलोत पेश करने वाले हैं. उनके पास वित्त, प्लानिंग, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट, पावर, ग्रह, यूडी, सिंचाई एंड फ्लड कंट्रोल, जल मंत्रालय भी है.।

# होली के मद्देनजर कलेक्ट्रेट मे कंट्रोल रूम की स्थापना

बांदा। होली एवं शबे बारात के त्योहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट मे कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। जिसका हेल्पलाइन नंबर 05192–285260 है। कंट्रोल रूम मे 6 मार्च से 9 मार्च तक कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गयी है। जिसमे साकेत सचान जेई विद्युत वितरण, ओम प्रकाश फिटर जल संस्थान, अपर्णा द्विवेदी आबकारी निरीक्षक, देवेन्द्र आउटसोर्स कर्मचारी नगर पालिका, प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक ड्यूटी करेंगे। इसी क्रम मे अमरेश टी जी–2 विद्युत वितरण, छोटेलाल पंप आपरेटर जल संस्थान, हरिश्चंद्र आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन, रामचंद्र त्रिवेदी, आउटसोर्स कर्मचारी नगर पालिका 2 बजे से रात 10 बजे तक व सुशील कुमार टी जी–2 विद्युत वितरण, जुबैर अहमद हैण्डपंप मकैनिक जल संस्थान, रामवीर आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन, अरूण श्रीवास्तव, नगर पालिका रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ड्यूटी करेंगे। जिलाधिकारी दीपा रंजन ने कहा कि उक्त कर्मी कंट्रोल रूम मे उपस्थित होकर प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं सूचनाओं को समाधान कराने हेतु संबंधित विभाग को प्रेषित करेंगे।

# त्रियुगी नारायण शुक्ला भगत पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के हाथों सदस्यता ग्रहण

रीवा! सेमरिया विधानसभा के त्रियुगी नारायण शुक्ला भगत पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र सेमरिया के हाथों श्री संतोष मिश्रा सेमरिया ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की उनके सदस्यता ग्रहण करने पर श्री शुक्ला जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संतोष जी के आने से कांग्रेस पार्टी मजबूत। होगी और पार्टी इनके मान सम्मान में पूरी तरह से इनके साथ खड़ी रहेगी सदस्यता ग्रहण करने के अवसर पर हर्रई मंडलम के सम्मानित अध्यक्ष श्री राजेश शर्मा जी एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहे.



# सेंट तुलसी ग्लोबल स्कूल आमगांव का वार्षिकोत्सव संपन्न




दीदारगंज – आजमगढ़ विकासखंड मार्टिनगंज के आमगांव में स्थित सेंट तुलसी ग्लोबल स्कूल का चौथा वार्षिकोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजीत प्रताप सिंह संरक्षक देवदूत वानर सेना के हाथों सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू हुआ। एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शंकर जी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य उमादत्त मिश्र ने किया। कार्यक्रम में दूरदराज से हजारों की संख्या में अभिभावक और बच्चे पहुंचे । विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें सरस्वती वंदना गणेश वंदना, स्वागत गीत, शिव तांडव, मां तुझे सलाम जैसे गीतों पर बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करके आए हुए अतिथियों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपनी अपनी कक्षा में अच्छा अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह, तुलसी रत्न अवॉर्ड देकर के उन्हें पुरस्कृत किया । इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा कि बच्चों का प्राथमिक शिक्षा हमेशा अच्छे वातावरण में अच्छे माहौल में होनी चाहिए जिससे देश और समाज का नाम आगे चलकर के यह बच्चे पूरा कर सकें, और अपना सपना साकार कर सकें । अपने अच्छे कार्यों से देश को उन्नत की रास्ते पर ले जाने का काम करें । इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख गौरव सिंह मोनू, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सौरभ सिंह बीनू, प्रधानाचार्य विनोद यादव, चेयरमैन डॉक्टर जेपी सिंह, दुर्गेश सिंह, संतोष यादव, पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा, अभिषेक अस्थाना, दीपक मौर्य सहित हजारों की संख्या में अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।

आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास

# ब्रिटेन में अवैध प्रवासन के खिलाफ कानून लाएंगे प्रधानमंत्री सुनक



इंग्लिश चौनल के सहारे ब्रिटेन में हो रहे अवैध प्रवासन पर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सख्त कानून लाने जा रहे हैं। उन्होंने प्रवासियों के मुद्दे से निपटने के लिए एक नए प्रस्तावित कानून लाने की घोषणा की। जानकारी के मुताबिक, उनकी सरकार इस मुद्दे को हल करने के लिए अगले सप्ताह संसद में कानून पेश करने की योजना बना रही है।

बता दें, प्रधानमंत्री सुनक ने इस वर्ष के लिए अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में पड़ोसी देश फ्रांस के साथ ब्रिटेन की समुद्री सीमा के बीच इस अवैध मार्ग पर नकेल कसने का मामला उठाया था। एक अखबार को दिए साक्षात्कार में सुनक ने कहा है कि अवैध रूप से ब्रिटेन में आने की गलती न करें, अगर आप यहां इस तरह आते हैं तो आप यहां नहीं रह पाएंगे।

ऋषि सुनक ने कहा, अवैध प्रवासन मेरी शीर्ष पांच प्राथमिकताओं में से एक है। क्योंकि, यह ब्रिटेन के करदाताओं के लिए सही नहीं है। यह उन लोगों के लिए भी सही नहीं है, जो कानूनी प्रक्रिया का पालन करके ब्रिटेन में आते हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ब्रिटेन के गृह मंत्रालय और शीर्ष अधिकारियों ने मानवाधिकार कानूनों के किसी भी दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए नए कानून तैयार किए हैं, जो अवैध प्रवासियों को यूके से निर्वासन से बचने की अनुमति देता है।

इंग्लिश चौनल के सहारे ब्रिटेन में हो रहे अवैध प्रवासन पर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सख्त कानून लाने जा रहे हैं। उन्होंने प्रवासियों के मुद्दे से निपटने के लिए एक नए प्रस्तावित कानून लाने की घोषणा की। जानकारी के मुताबिक, उनकी सरकार इस मुद्दे को हल करने के लिए अगले सप्ताह संसद में कानून पेश करने की योजना बना रही है।

बता दें, प्रधानमंत्री सुनक ने इस वर्ष के लिए अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में पड़ोसी देश फ्रांस के साथ ब्रिटेन की समुद्री सीमा के बीच इस अवैध मार्ग पर नकेल कसने का मामला उठाया था। एक अखबार को दिए साक्षात्कार में सुनक ने कहा है कि अवैध रूप से ब्रिटेन में आने की गलती न करें, अगर आप यहां इस तरह आते हैं तो आप यहां नहीं रह पाएंगे।

ऋषि सुनक ने कहा, अवैध प्रवासन मेरी शीर्ष पांच प्राथमिकताओं में से एक है। क्योंकि, यह ब्रिटेन के करदाताओं के लिए सही नहीं है। यह उन लोगों के लिए भी सही नहीं है, जो कानूनी प्रक्रिया का पालन करके ब्रिटेन में आते हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ब्रिटेन के गृह मंत्रालय और शीर्ष अधिकारियों ने मानवाधिकार कानूनों के किसी भी दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए नए कानून तैयार किए हैं, जो अवैध प्रवासियों को यूके से निर्वासन से बचने की अनुमति देता है।इंग्लिश चौनल के सहारे ब्रिटेन में हो रहे अवैध प्रवासन पर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सख्त कानून लाने जा रहे हैं। उन्होंने प्रवासियों के मुद्दे से निपटने के लिए एक नए प्रस्तावित कानून लाने की घोषणा की। जानकारी के मुताबिक, उनकी सरकार इस मुद्दे को हल करने के लिए अगले सप्ताह संसद में कानून पेश करने की योजना बना रही है।

बता दें, प्रधानमंत्री सुनक ने इस वर्ष के लिए अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में पड़ोसी देश फ्रांस के साथ ब्रिटेन की समुद्री सीमा के बीच इस अवैध मार्ग पर नकेल कसने का मामला उठाया था। एक अखबार को दिए साक्षात्कार में सुनक ने कहा है कि अवैध रूप से ब्रिटेन में आने की गलती न करें, अगर आप यहां इस तरह आते हैं तो आप यहां नहीं रह पाएंगे।

ऋषि सुनक ने कहा, अवैध प्रवासन मेरी शीर्ष पांच प्राथमिकताओं में से एक है। क्योंकि, यह ब्रिटेन के करदाताओं के लिए सही नहीं है। यह उन लोगों के लिए भी सही नहीं है, जो कानूनी प्रक्रिया का पालन करके ब्रिटेन में आते हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ब्रिटेन के गृह मंत्रालय और शीर्ष अधिकारियों ने मानवाधिकार कानूनों के किसी भी दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए नए कानून तैयार किए हैं, जो अवैध प्रवासियों को यूके से निर्वासन से बचने की अनुमति देता है।इंग्लिश चौनल के सहारे ब्रिटेन में हो रहे अवैध प्रवासन पर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सख्त कानून लाने जा रहे हैं। उन्होंने प्रवासियों के मुद्दे से निपटने के लिए एक नए प्रस्तावित कानून लाने की घोषणा की। जानकारी के मुताबिक, उनकी सरकार इस मुद्दे को हल करने के लिए अगले सप्ताह संसद में कानून पेश करने की योजना बना रही है।

बता दें, प्रधानमंत्री सुनक ने इस वर्ष के लिए अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में पड़ोसी देश फ्रांस के साथ ब्रिटेन की समुद्री सीमा के बीच इस अवैध मार्ग पर नकेल कसने का मामला उठाया था। एक अखबार को दिए साक्षात्कार में सुनक ने कहा है कि अवैध रूप से ब्रिटेन में आने की गलती न करें, अगर आप यहां इस तरह आते हैं तो आप यहां नहीं रह पाएंगे।

# खतरे में पीएम शहबाज शरीफ की कुर्सी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। गठबंधन सरकार में शामिल पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (च्च्च्) के अध्यक्ष और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो–जरदारी ने समर्थन वापस लेने के लिए संकेत दिए हैं। बिलावल ने कहा है कि अगर संघीय सरकार सिंध प्रांत में बाढ़ पीड़ितों से किए गए अपने वादे को पूरा नहीं करती है तो उनकी पार्टी के लिए सरकार में बने रहना बहुत मुश्किल होगा। पाक मीडिया के मुताबिक, पीपीपी अध्यक्ष बिलावल ने रविवार को एक सब्सिडी प्रोग्राम का उद्घाटन करने के अवसर पर अपने संबोधन में सरकार के खिलाफ आपत्ति जताई।

सिंध प्रांत में बिलावल की पार्टी पीपीपी की सरकार है। उन्होंने प्रांतीय बजट से बेनजीर आय सहायता कार्यक्रम (बीआईएसपी) के लिए 8.39 अरब रुपये हस्तांतरित किए। इस योजना के तहत 12 एकड़ तक कृषि भूमि वाले प्रत्येक छोटे किसानों को 5,000 रुपये प्रति एकड़ की सहायता दी जाएगी।

बिलावल ने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नेतृत्व वाली संघीय सरकार को उसके वादे की याद दिलाते हुए कहा कि सब्सिडी कार्यक्रम के जरिए सिंध में बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने के लिए 13.5 बिलियन रुपये चाहिए। इसलिए यह निर्णय लिया गया कि संघीय सरकार 4.7 बिलियन रुपये का अनुदान देगी और शेष 8.39 बिलियन रुपये सिंध सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे को नेशनल असेंबली में उठाएंगे।

साथ ही बिलावल ने कहा कि वह बाढ़ पीड़ितों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी बात करेंगे। अगर ऐसा संभव नहीं हुआ तो पीपीपी के लिए संघीय सरकार में बने रहना बहुत मुश्किल होगा। बता दें, पीपीपी के नेशनल असेंबली में 58 सांसद हैं और वह मौजूदा गठबंधन सरकार का अहम हिस्सा है। अगर पीपीपी समर्थन वापस लेती है तो प्रधानमंत्री शरीफ के लिए सरकार बचाना मुश्किल हो जाएगा।

## डिजिटल जनगणना के तरीके पर भी आपत्ति

वहीं, बिलावल भुट्टो ने डिजिटल जनगणना के तरीके पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह अस्वीकार्य है। एक प्रांत में चुनाव अलग जनगणना के आधार पर हुए, और अन्य प्रांतीय चुनाव विवादित डिजिटल जनगणना के आधार पर हुए।

गौरतलब है कि पिछले साल पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ आई थी, जिससे देश का एक तिहाई भाग जलमग्न हो गया था और 1,200 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है, क्योंकि बाढ़ से 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ था।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। गठबंधन सरकार में शामिल पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (च्च्च्) के अध्यक्ष और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो–जरदारी ने समर्थन वापस लेने के लिए संकेत दिए हैं। बिलावल ने कहा है कि अगर संघीय सरकार सिंध प्रांत में बाढ़ पीड़ितों से किए गए अपने वादे को पूरा नहीं करती है तो उनकी पार्टी के लिए सरकार में बने रहना बहुत मुश्किल होगा। पाक मीडिया के मुताबिक, पीपीपी अध्यक्ष बिलावल ने रविवार को एक सब्सिडी प्रोग्राम का उद्घाटन करने के अवसर पर अपने संबोधन में सरकार के खिलाफ आपत्ति जताई।

सिंध प्रांत में बिलावल की पार्टी पीपीपी की सरकार है। उन्होंने प्रांतीय बजट से बेनजीर आय सहायता कार्यक्रम (बीआईएसपी) के लिए 8.39 अरब रुपये हस्तांतरित किए। इस योजना के तहत 12 एकड़ तक कृषि भूमि वाले प्रत्येक छोटे किसानों को 5,000 रुपये प्रति एकड़ की सहायता दी जाएगी।

बिलावल ने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नेतृत्व वाली संघीय सरकार को उसके वादे की याद दिलाते हुए कहा कि सब्सिडी कार्यक्रम के जरिए सिंध में बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने के लिए 13.5 बिलियन रुपये चाहिए। इसलिए यह निर्णय लिया गया कि संघीय सरकार 4.7 बिलियन रुपये का अनुदान देगी और शेष 8.39 बिलियन रुपये सिंध सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे को नेशनल असेंबली में उठाएंगे।

साथ ही बिलावल ने कहा कि वह बाढ़ पीड़ितों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी बात करेंगे। अगर ऐसा संभव नहीं हुआ तो पीपीपी के लिए संघीय सरकार में बने रहना बहुत मुश्किल होगा। बता दें, पीपीपी के नेशनल असेंबली में 58 सांसद हैं और वह मौजूदा गठबंधन सरकार का अहम हिस्सा है। अगर पीपीपी समर्थन वापस लेती है तो प्रधानमंत्री शरीफ के लिए सरकार बचाना मुश्किल हो जाएगा।

डिजिटल जनगणना के तरीके पर भी आपत्ति

वहीं, बिलावल भुट्टो ने डिजिटल जनगणना के तरीके पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह अस्वीकार्य है। एक प्रांत में चुनाव अलग जनगणना के आधार पर हुए, और अन्य प्रांतीय चुनाव विवादित डिजिटल जनगणना के आधार पर हुए।

गौरतलब है कि पिछले साल पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ आई थी, जिससे देश का एक तिहाई भाग जलमग्न हो गया था और 1,200 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है, क्योंकि बाढ़ से 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान

JJ MEDIA NEWS
झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे
कार्य करने हेतु लोगो की
आवश्यकता है
संपर्कः- 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290

